हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 5 फरवरी 2026

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# आवासीय कोचिंग से हो रहा डाउट्स क्लियर, बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में होगा सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं को लेकर प्री-बोर्ड टेस्ट के बाद अब जिला प्रशासन की नवीन पहल से कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को एक बेहतर वातावरण में पांच दिवसीय आवासीय कोचिंग दी जा रही है। शिक्षा विभाग के माध्यम से आयोजित इस कोचिंग में कक्षा 10वीं के 70 और कक्षा 12वीं के लगभग 40 छात्र-छात्राएं अध्ययन का लाभ ले रहे हैं।

आवासीय कोचिंग के लिए एक दैनिक चार्ट बनाया गया है। जिसमें योग, नाश्ता, भोजन के साथ कोचिंग, संदेह और जिज्ञासा को लेकर विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा अपनी सेवाएं दी जा रही है। इस आवासीय कोचिंग में स्वयं जिला शिक्षा अधिकारी भी केमिस्ट्री पढ़ रहे हैं। आवासीय कोचिंग के लिए शहर के समीप बरगा पंचायत विभाग के प्रशिक्षण भवन में इन बच्चों के रहने सहित सभी व्यवस्था की गई है। यहां बच्चों की दिनचर्या सुबह 5.30 बजे योग अभ्यास से शुरू होता है। जिसमें बेहतर स्वास्थ्य की शिक्षा के साथ मन की शांति और एकाग्रता पर जोर दिया जा रहा है। वहीं इसके बाद बच्चों को नाश्ता दिया जाता है और फिर डेढ-डेढ़ घंटे की तीन क्लास आयोजित की जाती है। वहीं दोपहर में 1 से 3 बजे के बीच लंच ब्रेक और फिर 3 बजे से शाम 4.30 बजे तक क्लास में पढ़े हुए विषयों को लेकर डाउट्स क्लियर करने अलग से डाउट्स क्लास होती है। वहीं भोजन और फिर रात 10.30 बजे तक स्वयं से अध्ययन कराया जा रहा है।

⏩ शेष पेज 11 पर

## होनहारों को दी जा रही ट्रेनिंग, वार्षिक परीक्षा में मेरिट सूची में अधिक बच्चों को लाने की कवायद

### परीक्षा का भय और दबाव होगा खत्म

सोमवार से शुरू हुई इस आवासीय कोचिंग क्लास में बेटों के मुकाबले बेटियों की संख्या काफी अधिक है। यहां अब तक तीन विषयों की पढ़ाई कंप्लीट हो गई है और शेष दो विषय आगामी दो दिनों में पूर्ण करके बच्चों को कोचिंग से अपने-अपने घर भेज दिया जाएगा। इधर कुछ अभिभावकों का कहना है कि उनकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि बच्चों को कहीं अच्छी जगह ट्यूशन पढ़ा सके। शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के माध्यम से आवासीय कोचिंग देना काफी अनुकरणीय है। इससे बच्चों को बोर्ड परीक्षा के लिए काफी सहायता मिलेगी। वहीं बेहतर पढ़ाई होने से परीक्षा का भय और दबाव भी खत्म होगा।



### विषयवार परीक्षा भी हो रही आयोजित

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि अर्द्धवार्षिक और प्री-बोर्ड में जिन बच्चों ने 90 प्रतिशत अंक के आसपास हासिल किया था, उन्हें यहां कोचिंग दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शाम 5.30 बजे से रात 8.30 बजे तक बच्चों को और जो भी डाउट्स है, उसको लेकर भी विषय के शिक्षक समझा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों के सब्जेक्ट अनुसार डाउट्स पहले ही मंगा लिए गए थे। प्रतिदिन एक विषय का पेपर भी लिया जा रहा है। जिसमें तीन विषयों के पेपर कंप्लीट हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि लगभग सभी बच्चों के डाउट्स भी क्लियर हो गए हैं।

---

## खबर संक्षेप

### द्विवेदी बने मार्कफेड के प्राधिकृत अधिकारी

**राजनांदगांव।** सहकारिता आयुक्त और पंजीयक, सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ ने 3 फरवरी 2026 के आदेश के तहत



छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित के बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग करने हेतु शशिकांत द्विवेदी को अधिकृत किया है। 3 फरवरी 2026 को आयोजित समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1960 की धारा 49 (8) और सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 43-ख उपनियम (3) के तहत गठित छानबीन समिति ने मार्कफेड बोर्ड की शक्तियों के प्रयोग हेतु शशिकांत द्विवेदी को अधिकृत करने की अनुशंसा की। छानबीन समिति की सिफारिश के आधार पर आयुक्त ने आदेश जारी करते शशिकांत द्विवेदी को आगामी आदेश तक के लिए विपणन संघ रायपुर के बोर्ड की सभी शक्तियों का उपयोग करने हेतु अधिकृत किया है। श्री द्विवेदी ने अपना पदभार संभाल लिया है।

---

### शेष किसानों को मिलेगा मौका, बेच पाएंगे अपने कोटे का धान

# आज से दो दिन की धान खरीदी: 1305 किसानों से लेंगे 53 हजार क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अविभाजित राजनांदगांव के तीन जिलों के 1305 किसानों को दोबारा मौका मिलने वाला है। यह किसान अब अपना धान सरकार को बेच पाएंगे, इसके लिए 5 और 6 फरवरी को उपार्जन केन्द्रों में खरीदी होगी। इन किसानों से लगभग 53 हजार क्विंटल धान लिया जाएगा। हालांकि इसमें उन किसानों को ही मौका दिया जाएगा। जिसने अपना टोकन ले लिया था।

मिली जानकारी के अनुसार शासन की यह व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है कि वास्तविक किसान को ही लाभ मिले और बिचौलियों अथवा फर्जी प्रविष्टियों की कोई गुंजाइश न रहे। यही कारण है कि सत्यापन के बाद ही किसानों से खरीदी के निर्देश दिए गए हैं। बताया गया की जिले में पहले ही टोकन के लिए आवेदन करने वाले किसानों का सत्यापन किया जा चुका है। वे किसान जिन्होंने 10 जनवरी 2026 के बाद टोकन के लिए आवेदन किया था, लेकिन अब तक उनका सत्यापन नहीं हो पाया है। वे किसान जिन्होंने 10 जनवरी के बाद आवेदन किया और सत्यापन के दौरान उनके पास धान पाया गया है। वे किसान जिन्हें 28, 29 और 30 जनवरी 2026 को टोकन मिला था, लेकिन किसी कारण से तय तारीख पर धान विक्रय नहीं कर सके।



### संवेदनशील सरकार

किसानों की मांग के बाद संवेदनशीलता दिखाते प्रदेश सरकार ने किसान हित में निर्णय लेते दो दिन की खरीदी अवधि बढ़ाई है। इसका सीधा फायदा किसानों को मिलेगा।

**सचिन बघेल,** अध्यक्ष
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक

### राजनांदगांव के 795 किसान बाकी

दो दिनों के लिए शुरू होने वाली धान खरीदी के दौरान अविभाजित राजनांदगांव के तीन जिलों में करीबन 1305 किसानों से खरीदी होगी। इनमें राजनांदगांव जिले के 795 किसानों से 32738 क्विंटल खरीदी होगी। केसीजी जिले में 329 किसानों से 12518 क्विंटल और एमएमसी जिले के 181 किसानों से 8207 क्विंटल खरीदी की जाएगी। इन किसानों को 5 और 6 फरवरी के लिए टोकन जारी किया जाएगा। ज्ञात हो कि इन दो दिनों के बाद शेष किसानों से खरीदी नहीं की जाएगी।

### सत्यापन की रिपोर्ट भी देखी जाएगी

बताया गया कि भले ही जिले में 795 किसानों के पास टोकन है, जो धान बेच सकते हैं, लेकिन इनमें भी वह किसान जिनका टोकन लेने के बाद भौतिक सत्यापन किया गया और उनके पास धान नहीं मिला वे इन दो दिनों में धान नहीं बेच पाएंगे। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि आज और कल होने वाली खरीदी में गिनती के ही किसान धान बेचने आएंगे।

### अब तक 62 लाख क्विंटल खरीदी

15 नवंबर से 31 जनवरी तक चली धान की सरकारी खरीदी के तहत राजनांदगांव जिले में 124041 किसानों से 6249033 क्विंटल खरीदी की गई है। केसीजी जिले में 66222 किसानों से 3752567 क्विंटल और एमएमसी जिले में 40214 किसानों से 2009844 क्विंटल खरीदी धान की जा चुकी है। यह आंकड़ा अब दो दिन की खरीदी के बाद बढ़ सकता है।

---

# एसपी ने ली क्राईम मीटिंग अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने थाना कोतवाली, चौकी चिखली एवं चौकी सुरगी की काईम मीटिंग आयोजित कर अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा थाना कोतवाली, पुलिस चौकी चिखली एवं पुलिस चौकी सुरगी के प्रभारी अधिकारियों की क्राईम मीटिंग ली गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो, प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी सुमन जायसवाल, थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, चौकी चिखली प्रभारी उप निरीक्षक कैलाशचंद मरई एवं चौकी सुरगी प्रभारी निरीक्षक ढाल सिंह साहू उपस्थित रहे।

### विशेष ध्यान देने निर्देश

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, आबकारी एक्ट एवं नारकोटिक्स एक्ट के तहत अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही गुंडा-बदमाश, निगरानी बदमाश एवं समाज विरोधी तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई, उनकी सतत निगरानी तथा क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम हेतु सक्रिय पुलिसिंग के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को जनसुनवाई में संवेदनशीलता, अपराधों के शीघ्र निराकरण एवं क्षेत्र में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

---

# बच्चों को दी डिजिटल सुरक्षा की जानकारी



**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम धर्मापुर में रक्षा टीम द्वारा विद्यार्थियों को गुड टच एवं बेड टच व डिजिटल सुरक्षा की जानकारी दी गई। एसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन पर शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम धर्मापुर में अध्ययनरत कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्र–छात्राओं के लिए रक्षा टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला आरक्षक रीनू मेश्राम, कौशिल्या साहू, आरक्षक अमित जाटवर एवं आरक्षक वाहन चालक शेषनारायण सिंहा द्वारा बच्चों को गुड टच एवं बेड टच के बारे में सरल एवं सहज भाषा में समझाया गया। साथ ही बच्चों को स्कूल में लगे पॉक्सो बॉक्स का उपयोग कब और कैसे करना है, किसी भी प्रकार की असहज स्थिति में सही कदम उठाने, भरोसेमंद व्यक्ति को जानकारी देने तथा साहसपूर्वक अपनी बात रखने प्रेरित किया गया।

### अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड़ कराया

इसके अतिरिक्त बच्चों को मोबाइल फोन के अत्याधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराकर उसके उपयोग एवं महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक स्टाफ सहित कुल लगभग 79 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## माय एंगल




---

# नर्मदा मेले में व्यापारी के टैंट से सवा लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नर्मदा मेला परिसर में दुकान लगाकर व्यापार कर रहे डोंगरगढ़ के एक व्यापारी के साथ बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में टैंट के भीतर घुसकर 1,05,000 रुपए नगद, एक कीमती मोबाइल और व्यापारिक दस्तावेज चोरी कर लिए हैं। बता दें कि वार्ड नंबर 21 रविदास नगर डोंगरगढ़ निवासी पीड़ित व्यापारी दुर्गेश मालेकर अपनी पत्नी निर्मला मालेकर और भांजा सौरभ के साथ मेला स्थल पर जूता-चप्पल की दुकान लगाए हुए थे। 1 फरवरी की रात करीब 12.30 बजे दुकान मंगल कर वे सभी दुकान के अंदर ही सो गए थे।

2 फरवरी की सुबह जब दुर्गेश सोकर उठा तो उनके होश उड़ गए। दुकान के अंदर रखा लाल रंग का थैला गायब था। जिसमें बिक्री के 1.05 लाख रुपए, खरीदी-बिक्री के बिल और डायरी रखी हुई थी। इसके साथ ही चार्जिंग पर लगा विवो कंपनी का मोबाइल भी चोरी हो गया है।

पीड़ित ने बताया कि कुल चोरी गई संपत्ति की कीमत लगभग 1,10,000 रुपए है। दुर्गेश मालेकर ने मामले की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई है और पुलिस से अज्ञात चोर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

---

# लखोली में दो सटोरिये गिरफ्तार

## मुरूम खदान के पास खिला रहे थे सट्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सार्वजनिक स्थान पर सट्टा-पट्टी लिखकर रुपए-पैसों का दांव लगवाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 2 फरवरी को कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि लखोली स्थित अटल आवास मुरूम खदान के पास एक व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर सट्टा-पट्टी लिखकर रुपए-पैसों का दांव लगवा रहा है।

### घेराबंदी कर पकड़ा

सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई, जहां आरोपी कलीम खान 40 वर्ष निवासी अटल आवास लखोली को सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से सट्टा-पट्टी, नगदी रकम 340, एक डॉट पेन एवं एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा सट्टा संचालन नीलकंठ जायसवाल उर्फ बंटी 32 वर्ष निवासी नवागांव के लिए करना बताया गया। पुलिस द्वारा दूसरे आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें उसने भी सट्टा संचालन में संलिप्त होना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

---

### दुर्घटनाओं को रोकने समग्र रूप से प्रयास : आईजी

# सूखा नशा, सप्लाई चैन पर रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- अवैध नशे के कारोबार में जुड़े लोगों पर होगी सख्त कार्रवाई
- बार्डर इलाकों में पुलिस बरत रही सतर्कता

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज बालाजी राव सोमावार ने कहा है कि हाईवे में सड़क हादसों को पर अंकुश लगाने के लिए समग्र रूप से प्रयास करेंगे। अपराध नियंत्रण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले में सूखा नशा का करोबार करने वाले व उससे जुड़े सप्लाई चैन पर कड़ी नजर रखी जा रही है, लगातार कार्रवाई की जा रही है। राजनांदगांव रेंज के नए पुलिस महानिरीक्षक बालाजी राव सोमावार ने चर्चा के दौरान कहा कि बार्डर इलाके से होने वाले मादक पदार्थ, अवैध रूप से शराब तस्करी को लेकर पुलिस अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है। शराब की तस्करी करने वालों पर पैनी नजर है। सटीक सूचना पर पूर्व में लगातार कार्रवाई भी हुई है, शराब तस्करी करने वालों एवं कोचियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह उड़ीसा-महाराष्ट्र से होते हुए राजनांदगांव जिले में गांजा व अन्य पदार्थों की तस्करी के मामले में पुलिस अलर्ट है। सूखा नशे की सप्लाई चैन पर पुलिस की नजर है। इस मामले में लिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।



### जनता से अच्छा व्यवहार पर जोर

उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्व व आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गुंडा-बदमाशों की चेकिंग की जा रही है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। जुआ-सट्टा एवं अपराध पर कड़ी कार्रवाई किए जा रहे हैं। पुलिस का जनता से अच्छा व्यवहार हो, इस बात पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

### दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने समग्र रूप से प्रयास

हाईवे में लगातार हो रही दुर्घटनाओं के मद्देनजर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के बहुत से कारण होते हैं। जिसमें सडक निर्माण से लेकर लोगों की लापरवाही, मौके पर पुलिस की मौजदूगी सहित अन्य विषय शामिल है। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए समग्र रूप से देखना पड़ेगा। अभियान चलाकर इस समस्या का समाधान निकालना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी मंदिर में नवरात्र के समय आने वाले बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों व पदयात्रियों को देखते हुए यातायात व्यवस्था व श्रद्धालुओं के सुविधाओं हेतु बेहतर मैनेजमेंट हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

---

### घर में घुसकर मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** घर में घुसकर मारपीट करने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार प्रार्थिया द्वारा थाना बसंतपुर में शिकायत दर्ज कराई गई कि दोपहर के समय परिवार के सभी सदस्य घर पर आराम कर रहे थे। उसी दौरान पड़ोस का युवक राहुल राजपूत घर के सामने आकर अभद्र गाली-गलौज करने लगा। समझाने पर भी वह नहीं माना और जबरन घर में घुसकर बच्चों एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ लात-घूंसों तथा डंडे से मारपीट की। जिससे उन्हें चोंटे आई। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 269, 351(2), 333, 324(4), 115(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने आरोपी राहुल राजपूत को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया। जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे जेल दाखिल किया गया।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
• ब्लड प्रेशर • शुगर • थायराइड
• बुखार • खांसी • छाती रोग
• पेट रोग • किडनी • लकवा • माइग्रेन
• श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या
• नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

|| शत्-शत् नमन ||

परिवार जिनका मंदिर था,
स्नेह जिनकी शक्ति थी।
परिश्रम जिनका कर्तव्य था,
परमार्थ जिनकी भक्ति थी।
स्व. श्री गिरधारी लाल जी अग्रहरि
की आज 18 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन...
- श्रद्धावनत -
मोहन अग्रहरि, कृष्ण कुमार अग्रहरि (भाई)
सुनील, सचिन, हिमांशु (भतीजे)
दीप्ति, निवेदिता (भतीजी), आलेख, अभिलेख, आर्यन (पौत्र), शैली, आरवी (पौत्री), सार्थक, शिवांश, आदित्य (नाती)
श्रीमती मीरा अग्रहरि (पत्नी)
प्रवीण अग्रहरि
पीयूष अग्रहरि (पुत्र)
अविरल, वेद,
आहान अग्रहरि (पौत्र)

## खबर संक्षेप

### जस झांकी प्रतियोगिता आयोजित



**बेलगांव।** जय मां शारदा जस परिवार एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में ग्राम में स्व धनेश्वर ठाकुर एवं रतिराम सेन के स्मृति में दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। स्पर्धा में विभिन्न जस झांकी मंडलियों की प्रस्तुति हुई। अतिथि जनपद सदस्य विष्णु प्रतिमा खरे, सरपंच कौशल चंद्रवंशी थे। अध्यक्षता दिनेतु प्रकाश जांगडे ने की। विशिष्ट अतिथि योगेश साहू, छबिल साहू, बीआर साहू, त्रिभुवन ठाकुर, बेलसियाबाई ठाकुर, जमुना बाई सेन थी। अतिथियों का सम्मान आयोजन समिति ने किया।



### न्योता भोज का आयोजन

**पटेवा।** सेवानिवृत्त शिक्षक मुकुंदसिंह राजपूत ने 4 फरवरी को प्राथमिक शाला पटेवा में न्योता भोज का आयोजन किया। इस आयोजन के लिए प्रधानपाठक मनोज कुमार साहू सहित शिक्षकों ने श्री राजपूत का आभार व्यक्त किया है।

### उपचारात्मक शिक्षण सतत जारी

**जेवरतला रोड।** पिछड़े विद्यार्थियों के स्तर में सुधार के लिए उच्चतर



माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के अंग्रेजी व्याख्याता अजय पाठक ने स्वैच्छिक उपचारात्मक शिक्षण सितंबर से शुरू किया है जो अब तक जारी है। वह विद्यार्थियों से गत वर्षों के प्रश्न पत्रों तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी प्रश्न बैंक को हल करवा रहे है। उनका कहना है कि इस विधि से विद्यार्थियों की कमजोरी दूर कर उन्हे अग्रिम पंक्ति में खड़ा किया जा सकता है। गत दिनों प्राचार्य आरके देवांगन ने भी विद्यार्थियों से प्रश्न पूछा तथा उनकी उपलब्धि पर संतोष प्रकट किया। वाणिज्य की व्याख्याता सुश्री हेपशीबा एंथोनी ने कहा कि उपचारात्मक शिक्षण द्वारा किसी समस्या का उपचार किया जा सकता है।

### एनबीआईएस बोरी में मना बसंत पंचमी उत्सव

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में विगत दिनों बसंत पंचमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशित



छात्रों का विद्यारंभ संस्कार विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रों से अभिमंत्रित कर किया गया। इस वर्ष भी बसंत पंचमी में शाला में प्रवेश लेने वाले छात्रों का पालकों की उपस्थिति में विद्यारंभ संस्कार विधि-विधान से किया गया। संस्था द्वारा बसंत पंचमी पर शाला प्रवेश में विशेष छूट दी जाती है। जिसका लाभ पालकों को मिलता है। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी का मानना है कि बसंत पंचमी के दिन ज्ञान की देवी मां सरस्वती का प्रादुर्भाव हुआ था, जिन्होंने सारी सृष्टि को ज्ञान दिया है। आज का दिन मां सरस्वती की विशेष कृपा प्राप्त करने का दिन होता है, इसलिए संस्था में विद्यारंभ संस्कार कराया जाता है, ताकि मां सरस्वती की कृपा हमें और हमारे बच्चों को प्राप्त हो। इस अवसर को ध्यान में रखते शाला में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए शुल्क की छूट दी जाती है, ताकि पालकों को आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके। इस अवसर पर शाला में विशेष सभा का आयोजन किया गया, जहां हेल्थ एंड वेलनेस क्लब के बच्चों द्वारा बसंत पंचमी उत्सव पर नाट्य रचना की प्रस्तुति दी गई। शाला में सभी बच्चों ने मां सरस्वती की आराधना करते अपने किताब, कापी की पूजा की। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक, छात्र व कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जांच और एफआईआर दर्ज करने की मांग

# नाम कटने की शिकायत लेकर थाना पहुंचे मतदाता

## छुरिया में भी हो चुकी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

एसआईआर प्रक्रिया के बाद क्षेत्र में मतदाता सूची से राजनीतिक दल विशेष के समर्थक मतदाताओं के नाम कटवाने का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दिनों विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक छन्नी साहू और कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विपिन यादव सहित अन्य ने स्थानीय तहसील कार्यालय और थाना में इस आशय की शिकायत की थी। इसी क्रम में अब गैंदाटोला की मतदाता सूची से जीवित एवं पात्र मतदाताओं के नाम कटवाने की कथित साजिश खुलासा हुआ है। खुलासे के बाद बड़ी संख्या में प्रभावित और जीवित मतदाताओं के साथ ग्रामीणों ने थाना पहुंचकर शिकायत की।




### एफआईआर दर्ज करने की मांग

ग्रामीणों ने इस कृत्य का दंडनीय अपराध बताते हुए दावा-आपत्ति लगाने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। थाना प्रभारी ने शिकायत की जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर प्रकाश शर्मा, राजिल कुरैशी, नरेंद्र मानिकपुरी, मनोज कोचे, पन्नालाल देवांगन, उत्तम सोनी, चम्मन साहू, गोलू साहू, अजय साहू, अजीम खान सहित अन्य मौजूद थे।

### प्रक्रिया का दुरूपयोग

थाना प्रभारी को ग्रामीणों ने अपने आवेदन में बताया कि डुमरडीह निवासी ढालदास साहू एवं ग्राम बड़गांव के पुनउराम चुरेंद्र ने गैंदाटोला के स्थायी, जीवित एवं पात्र मतदाताओं के नामों पर झूठी एवं भ्रामक दावा-आपत्तियां प्रस्तुत कर मतदाता सूची से नाम कटवाने का प्रयास किया है। ग्रामीणों ने बताया कि जब इस मामले की जानकारी बूथ लेवल ऑफिसर से ली गई, तो उन्होंने दावा-आपत्तियों के आवेदन प्राप्त होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के नामों पर आपत्ति लगाई गई है, चह सभी जीवित हैं और ग्राम में निवासरत हैं। वह स्वयं दस्तावेजों के माध्यम से अपने अस्तित्व को प्रमाणित करने को तैयार हैं। ग्रामीणों ने पंचनामा तैयार कर दस्तावेल थाने में प्रस्तुत किया है।

## प्रभात नगर और राजीव नगर में आयुक्त ने किया निरीक्षण

- नाला निर्माण देख समय-सीमा में पूर्ण करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा शहर में प्रतिदिन साफ-सफाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने, स्वास्थ्य अमला को निर्देशित कर रहे हैं। वही निर्माण कार्य देख कार्य में तेजी लाकर समय-सीमा में निर्माण पूर्ण करने तकनीकी अधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं। इसी कड़ी में उनके द्वारा आज प्रभात नगर एवं राजीव नगर क्षेत्र में सफाई एवं निर्माण कार्य का जायजा लिया गया।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा गुरुवार सुबह प्रभात नगर एवं राजीव नगर में साफ-सफाई देख प्रतिदिन निर्धारित समय मे उपस्थित होकर सफाई करना सुनिश्चित करने, नियमित रूप से कचरा उठाने तथा झिल्ली पन्नी का उपयोग करने वाले, कचरा नाली व घर के पास डालने पर तथा मलमा सडक में फैलाने पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभात नगर एसएलआरएम सेंटर में कचरा पृथककरण कर निष्पादन करने तथा सेंटर में साफ-सफाई रखने सेंटर प्रभारी को निर्देशित किया। इसी प्रकार राजीव नगर नाला का निरीक्षण कर नाला सफाई करने तथा आसपास के लोगों को नाला में कचरा नहीं डालने समझाईस देने कहा। साथ ही राजीव नगर सुलभ शौचालय में समुचित साफ सफाई रखने, पानी की पर्याप्त उपलब्धता रखने संबंधित संचालक को निर्देशित किया।

### प्रभात नगर में न हो जलभराव

आयुक्त श्री विश्वकर्मा द्वारा निर्माण कार्य निरीक्षण के तहत प्रभात नगर में चल रहे नाला निर्माण कार्य का जायजा लेकर कार्य में तेजी लाकर समय-सीमा में नाला निर्माण पूर्ण करने तकनीकी अधिकारी से कहा। जिससे बरसात में प्रभात नगर क्षेत्र मे पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि नाला में पर्याप्त ढलान हो, ताकि पानी आसानी से बह सके। उन्होंने प्रतिदिन निर्माण कार्य की मानिटरिंग कर समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## जन जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन




**राजनांदगांव।** समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा यातायात सड़क सुरक्षा माह पर जनजागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। उक्त रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों और यातायात पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन गंज चौक एवं जयस्तंभ चौक पर जन जागरूकता हेतु विभिन्न नारे लगाए गए एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

समाज शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. एके मंडावी ने कहा कि कभी भी नशे का सेवन कर वाहन नहीं चलाना चाहिए एवं यातायात के नियमों का आवश्यक रूप से पालन किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में समाज शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. एके मंडावी, डॉ. प्रियंका लोहिया, चित्रांशा राठौर एवं समाज कार्य विभाग से तारणी साहू, शालिनी सोनी एवं यातायात पुलिस विभाग से शरद कुमार सहायक उप निरीक्षक यातायात शाखा, कपिल श्रीवास्तव यातायात विभाग एवं समाज कार्य विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बताया दुर्घटना से कैसे बचें

नुक्कड़ में विभिन्न स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा आम जनता के मध्य सड़क सुरक्षा नियम व सड़क दुर्घटनाओं से बचने का संदेश दिया गया, ताकि लोगों को सड़क दुर्घटना में होने वाले हानि से बचाया जा सके। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनता को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, तीन सवारी न चलने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने और यातायात नियमों का पालन करने हेतु अपील की गई। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि मनुष्य का जीवन अत्यंत अनमोल है। मनुष्य के अपने परिवार और समाज के प्रति दायित्व होते हैं। जिनका उनको निर्वहन करना होता है। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने-अपने परिवार के लिए अनमोल है। जिसकी जगह कोई अन्य कभी नहीं ले सकता, इसलिए स्वयं की और अपने परिवार के सदस्यों को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। सीमित रफ्तार में वाहन चलाने से वाहन बेहतर नियंत्रण होने से दुर्घटना होने की संभावना बहुत कम हो जाती है।

## जिपं सीईओ ने टेड़ेसरा में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम टेड़ेसरा स्थित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट (पीडब्ल्यूएम) यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान यूनिट के संचालन व्यवस्था, उपलब्ध संसाधनों तथा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन की वर्तमान स्थिति का गहन अवलोकन किया तथा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के प्रभावी एवं सतत संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट (पीडब्ल्यूएम) के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायतों के एसएलआरएम शेड से प्लास्टिक अपशिष्ट का संग्रहण तत्काल प्रारंभ करने कहा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्लास्टिक कचरे का समयबद्ध संग्रहण, पृथक्करण एवं वैज्ञानिक निस्तारण अनिवार्य है।



### ओडीएफ का लिया जायजा

जिपं सीईओ सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत डोंगरगांव के ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम कुटुलबोड़-भाठागांव का दौरा किया। ग्राम कुटुलबोड़-भाठागांव में शत-प्रतिशत यूजर चार्ज संग्रहण के लिए पंचायत के सरपंच, सचिव, स्वच्छग्राहियों एवं ग्रामवासियों की सराहना की और सभी को बधाई दी। उन्होंने ने पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी कार्य करने, नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट को पूर्ण क्षमता से संचालित करने कहा। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधि, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण, सीईओ जनपद पंचायत राजनांदगांव एवं सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगांव, ब्लॉक समन्वयक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



### लोककला हमारी संस्कृति का प्रतीकः संजय

**छुरिया।** भर्रीटोला (ब) में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ी लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन का समापन जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा के आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता चंद्रिका प्रसाद डडसेना ने की। कार्यक्रम में पलनी स्वामी नायडू, राधिका चंद्रवंशी, सोहन साहू, टीकम साहू शामिल हुए। श्री सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ी लोककला केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा का प्रतीक है। लोककला में पूर्वजों की मेहनत, भावना और संस्कार छिपे हैं। इस मौके पर अध्यक्षता कर रहे श्री डडसेना ने बताया कि यह महोत्सव हमारे लोक कलाकारों के सम्मान और प्रोत्साहन का माध्यम है जिन्होंने जीवनभर कला को जीवित रखा। इस अवसर पर समेबाई, बुधारू पड़ोती, मानिक चंद्रवंशी, रेवाराम लाड़ेकर, केदार सहित अन्य मौजूद थे।

## विद्युत मंडल की योजनाओं से ग्रामीणों को कराया अवगत

# रजत जयंती महोत्सव में नियमित भुगतान करने वाले बिजली उपभोक्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़





एलबी नगर विद्युत वितरण केंद्र में रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 25 चयनित विद्युत उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव थे।

इस दौरान सरपंच जाफर अली, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, लोकेश्वरी वर्मा, रेशमा कंवर, प्रीतराम पटेल, गंभीर निषाद, डीके चतुर्वेदी, पंकज देवांगन, विजय नायक, गोविन्द जोशी, हीरा निषाद, भागचंद आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी गई। अतिथियों ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए ऊर्जा संरक्षण एवं नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने का संदेश दिया। समापन मौके पर उत्कृष्ट उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया।

**घुमका।** छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी ने डुमरडीह कला में रजत जयंती समारोह आयोजित किया। कार्य पालन अभियंता शैलेन्द्र पांडे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों ने जन कल्याण कारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से लाभान्वित अनिल कुमार, गजेंद्र देवांगन, हेमलता साहू, सुनील वर्मा, चमरू वर्मा को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य ललिता मोहन साहू, विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र सिंह बघेल, दिनेश ठाकुर, भूपेंद्र निषाद, घनश्याम साहू, शेष नारायण दुबे, हरीश चंद्र वर्मा थे।

### कार्यक्रम में उपलब्धियों की चर्चा

**जेवरतला रोड।** राज्य विद्युत वितरण मर्यादित के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर जेवरतला में रजत जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य टूमन लाल साहू, विशिष्ट अतिथि किशोरीलाल चंद्रहास, नीरा चुरामन हिरवानी थे। इस अवसर पर विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में भारत दास हिरवानी, पैराक साहू, यादराम साहू , किशोरीलाल साहू, हेमनलाल साहू, रामकुमार देवांगन, मनहरन साहू, भूखनराम साहू, लिलेश्वर सुधाकर शामिल थे। सहायक अभियंता मनीराम ताराम ने उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कनिष्ठ यंत्री नीलम देशलहरे, गीतिका ठाकुर, विश्वास जायसवाल, चेतन साहू, परमानंद देशमुख, मुकेश मालेकर, टुमन ठाकुर, जीतू इंदौरिया आदि उपस्थित थे।

## खड़गांव में धरना एवं चक्काजाम आज

**खड़गांव।** ग्राम में सहकारी बैंक खोलने और पंचायतों को डीएमएफ की राशि मुहैया कराने की मांग को लेकर कल 5 फरवरी को धरना प्रदर्शन और चक्काजाम का आयोजन किया गया है। प्रदर्शन दोपहर 12 से 4 बजे तक आम बगीचा के पास होगा। जानकारी के अनुसार ग्राम में जिला सहाकरी केन्द्रीय बैंक की शाखा के नहीं होने से ग्रामीणों और किसानों को मानपुर के चक्कर काटना पड़ता है। बैंक की शाखा खोलने की मांग को लेकर पूर्व में 11 जून को महारैली एवं सभा के बाद राज्यपाल के नाम से तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इस मामले में अब तक पहल नहीं हुई है। आयोजकों ने बताया कि क्षेत्र में तीन लौह अयस्क खदान होने के बाद भी डीएमएफ की राशि प्रभावित ग्राम पंचायतो को नहीं दी जा रही है, जबकि खदान खोलने से पहले 12 ग्राम पंचायतो से यह कहकर सहमति ली गई थी कि सीएसआर की राशि प्रभावित पंचायतों को विकास कार्यों के लिए दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक किसी भी ग्राम पंचायतों को डीएमएफ की राशि नहीं दी गई।



### संत रविदास जयंती का आयोजन

**डोंगरगांव।** संत शिरोमणि रविदास की जयंती रविवार को नगर में हर्षोल्लास, श्रद्धा और सामाजिक समरसता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया।अंबेडकर पार्क मैदान में आयोजित कार्यक्रम में श्री गांधी ने संत रविदास के जीवन, विचारों और समाज सुधार में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। अन्य वक्ताओं ने उनके विचारों को आत्मसात करने तथा समाज में शिक्षा, एकता और समरसता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में संतोष यादव, योगेश पटेल, लोकेश यद्दु, प्रफुल्ल जैन, निर्मला मालेकर, जीवन मालेकर, शिशुपाल टांडेकर, हरि मालेकर, कृपाल टांडेकर, मनीष बरिया, राजपाल टांडेकर आदि शामिल हुए।



## खबर संक्षेप

### राजनांदगांव ने भिलाई को तीन विकेट से हराया

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव क्रिकेट एकेडमी एवं एकलव्य भिलाई क्रिकेट एकेडमी के मध्य कमला कॉलेज ग्राउंड में 30 ओवर का फूल टर्फ विकेट में मैच खेला गया। टॉस जीतकर भिलाई की टीम कप्तान विराट चौधरी पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ओपनिग जोड़ी में महिला क्रिकेटर पूर्वी एवं स्लोक मैदान पर उतरे। पहला विकेट जल्दी गिर गया। 4 रन के योग पर अर्ष ऊईके बोल्ट आऊट हुए। क्रमशः स्लोक 33 रन, नवीन 22 रन, विराट चौधरी 9 रन पूरी टीम 130 रन पर ऑल आऊट हो गई। आरसीए की ओर से गेंदबाजी करते हर्ष ऊईके 2 विकेट, आनवी मोहता 1 विकेट, अर्श खान 1 विकेट लक्ष्य का पीछा करते आरसीए की ओपनिंग जोड़ी अर्श सिंग राजपूत एवं अनन्या मंडावी मैदान पर उतरी। पहला विकेट अनन्या के रूप में पहला विकेट जल्द गिर गया। भीमराव ने कैच आऊट कराया। क्रमशः राहुल सारवा 54 रन 7 चौके, 3 छक्के की मदद से बनाया। अर्श खान 33 रन, अर्श सिंग राजपूत 22 रन, राजवीर ने चौका मारकर मैच को जीताया। 7 विकेट खोकर 131 रन बनाकर मैच को 3 विकेट से जीत लिया। भिलाई की ओर से गेंदबाजी करते भीमराव 4 विकेट, विराट चौधरी 1 विकेट, अंकित 1 विकेट। ऑनलाइन स्कोरिंग की गई मैच के मुख्य एम्पायर जोई थामस रहे। यह जानकारी जोई थामस ने दी।

### विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में लहराया परचम

**राजनांदगांव।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा अंतर महाविद्यालय शरीर स्वस्थ बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर महाविद्यालय दुर्ग में किया गया। प्रतियोगिता में दिग्विजय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते विभिन्न वर्गों में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बीए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र निशांत उमरे ने 55 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। बी.कॉम द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी गोविंद कुमार ने 65 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक के साथ-साथ मिस्टर यूनिवर्सिटी का खिताब भी जीता। वही बीए छठवें सेमेस्टर के विद्यार्थी विक्रम चंद्रवंशी ने 70 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। विक्रम चंद्रवंशी का चयन राष्ट्रीय स्तर पर रायपुर में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया ट्राईबल प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है। जिसका आयोजन 14 फरवरी को रायपुर में किया जाएगा। विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन के लिए प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों तथा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अरुण कुमार चौधरी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. शैलेंद्र सिंह, दीपक कुमार परगनिहा एवं रामू पाटिल उपस्थित थे।



### क्रॉस कंट्री में छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** मनसा कॉलेज भिलाई में 29 जनवरी 2026 को आयोजित क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के छात्राओं ने तीनों स्थान पर अपना कब्जा जमा लिया। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी कॉलेजों के छात्राओं ने इस स्पर्धा में भाग लिया। प्रथम स्थान भगवती साहू बी.कॉम 6जी सेमेस्टर, द्वितीय स्थान निशा साहू दिए 6जी सेमेस्टर तथा साक्षी यादव 6जी सेमेस्टर में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन खिलाड़ियों के कोच कामता प्रसाद यादव हैं। तीनों छात्राएं लगातार 3 साल से अखिल भारतीय स्तर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करती आ रही है। यह छात्राएं मंगलौर विश्वविद्यालय कर्नाटक में होने वाले 26 एवं 27 फरवरी को अखिल भारतीय विश्वविद्यालय क्रास कंट्री प्रतियोगिता में भाग लेंगी। छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. सुचिता गुप्ता, डॉ. शैलेंद्र सिंह, क्रीड़ा अधिकारी अरुण कुमार चौधरी, रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा, रामू पाटिल सहित प्राध्यापकों व कर्मचारियों ने बधाई दी।



### गौ आधारित प्राकृतिक कृषि विषय पर प्रशिक्षण आयोजित

**राजनांदगांव।** महर्षि वाग्भट्ट गौ संवर्धन एवं अनुसंधान संस्थान जिला राजनांदगांव द्वारा 31 जनवरी से 4 फरवरी तक महामाया चौक बसंतपुर स्थित पंचगव्य विद्यापीठम विस्तार केन्द्र में गौ आधारित प्राकृतिक कृषि विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में गौ आधारित प्राकृतिक कृषि के लाभों के बारे में बताया गया तथा रासायनिक खेती से होने वाले मृदा, जल, पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षक तनिष साहू ने प्रशिक्षणार्थियों को गौ आधारित प्राकृतिक कृषि की मूल अवधारणा तथा गाय के पंचगव्यों एवं स्थानीय वनस्पतियों व संसाधनों का उपयोग कर कम लागत में लाभकारी खेती के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण में जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत, दशपर्णी अर्क सहित पंचगव्य आधारित जैव-उपचारों के निर्माण की विधियां, फसल पोषण, कीट-रोग प्रबंधन तथा मृदा स्वास्थ्य सुधार के उपायों के बारे में बताया गया। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।




### पौष्टिक आहार और साफ-सफाई की दी जा रही समझाईश

**राजनांदगांव।** जिले में कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए पोट्ठ लईका पहल अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में पालक चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शिशुवती माताओं और नन्हे बच्चों का समय पर टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया जा रहा है। इसी कड़ी में सुपरवाइजर महिला एवं बाल विकास विभाग ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सिंघोला के गंभीर कुपोषित बच्चों के गृह भेंट कर स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने गंभीर कुपोषित बच्चों के परिजनों को पौष्टिक आहार एवं साफ-सफाई के संबंध में समझाईश एवं जानकारी दी। सुपरवाईजर ने बच्चों को कुपोषण मुक्त करने तिरंगा भोजन के रूप में पौष्टिक आहार खाने प्रेरित किया गया। जिससे बच्चों को प्रोटीन, विटामिन एवं अन्य पोषक तत्वों से भरपूर भोजन मिल सके। उन्होंने अभिभावकों को तिरंगा भोजन के संबंध में जानकारी दी। तिरंगा भोजन में केसरी रंग अंतर्गत दलहन, सोया, अंडा, सफेद रंग चावल, रोटी तथा हरा रंग में हरी सब्जी जैसे पालक, मेथी, मुनगा भाजी एवं अन्य हरी साग-सब्जी का होता है। अपने बच्चों को पौष्टिक भोजन कम से कम 3 बार दिन में खिलाने और 2-3 बार स्वयं भी खाने की सलाह दी।



### बोड़ेना में तीन दिवसीय प्रवचन 6 से

**जेवरतला रोड।** ग्राम बोड़ेना में तीन दिवसीय संगीतमय कबीर सत्संग, भजन एवं प्रवचन समारोह का आयोजन 6, 7 एवं 8 फरवरी को रखा गया है। इस आयोजन के मुख्य प्रवचनकर्ता तुलसी साहेब होंगे। यह जानकारी कबीर सत्संग समिति के सदस्य ऋषि कुमार साहू ने दी।

### 10वीं-12वीं परीक्षा परिणामों के दृष्टिगत बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने करें कार्य

# अटल मानिटरिंग पोर्टल के अंतर्गत सभी विभाग विभिन्न मापदंडों में करें उत्कृष्ट प्रदर्शन : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों के दृष्टिगत बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देते कार्य करें। पढ़ाई की गुणवत्ता के लिए अतिरिक्त कक्षाएं देते बच्चों की पढ़ाई की मानिटरिंग करें। बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए ईमानदारी एवं प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने बच्चों के आधार अपडेशन कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि पो-लईका अंतर्गत निरंतर पालक चौपाल का आयोजन करते रहे तथा वजन त्यौहार के माध्यम से बच्चों के सुपोषण की मानिटरिंग करें। पीएमश्री स्कूलों में अधोसंरचना, परीक्षा परिणामों की समीक्षा तथा स्वीकृत कार्यों को पूर्ण कराने के लिए कहा। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम गौतम पाटिल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान अन्य एसडीएम एवं तहसीलदार वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

### बच्चों के आधार अपडेशन कार्य में गति लाएं



#### समय पर कार्यालय में हों उपस्थित

कलेक्टर ने कहा कि हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं को सुविधाएं प्रदान करें एवं उनके स्वास्थ्य पर ध्यान देते उपचार एवं दवाईयां समय पर उपलब्ध कराएं। अटल मानिटरिंग पोर्टल के अंतर्गत सभी विभाग विभिन्न मापदंडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की मानकों के तहत समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें। बायोमैट्रिक उपस्थिति के लिए समय पर कार्यालय पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति दें। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, पीजीएन, पीजी पोर्टल एवं टीएल के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जनमानस की समस्याओं का संवेदनशीलतापूर्वक शीघ्र निराकरण करें।

#### पेंशन प्रकरणों का करें निराकरण

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जो सेवानिवृत हो गए हैं, उनके पेंशन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। सभी विभाग ई-ऑफिस का अधिक से अधिक उपयोग करें। डिजिटल कार्य प्रणाली से कार्य करने पर कार्यों में गति आएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि सभी विभागों में कर्मचारियों के कार्यों में परिवर्तन करें एवं ट्रांसफर करें। डेस्क चेंज होने पर कार्यों में ईमानदारी एवं परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि शासन की महती योजना है। इस योजना अंतर्गत अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित कराएं। उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल अंतर्गत अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग में यूटीलिटी शिफ्टिंग एवं लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

## गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर ही समाज की प्रगति संभव : मधुसूदन



**राजनांदगांव।** जिला कोसरिया यादव समाज द्वारा मोहारा वार्ड में आयोजित सामाजिक मिलन कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि अपनी सामाजिक कुरीतियों को दूर करके एवं अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर ही किसी भी समाज की प्रगति संभव है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के यादव समाज के बंधु एकजुट होकर समान उद्देश्य के लिए संगठित होकर प्रयास करें, तभी समाज की आर्थिक, वैचारिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक प्रगति संभव है। महापौर श्री यादव ने मोहारा वार्ड में सामाजिक बंधुओं के लिए 25 लाख रुपए की लागत से सामाजिक भवन निर्माण की घोषणा भी की। आयोजन में मोहारा बस्ती से मोहारा मेला स्थल तक कलश यात्रा निकाली गई एवं छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक गीत एवं नृत्य का प्रदर्शन कर आनंदोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर समाज के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान भी किया गया।

#### भवन निर्माण की मांग

कार्यक्रम की अध्यक्षता कोसरिया यादव समाज के जिलाध्यक्ष मन्ना यादव ने की। विशेष अतिथि के रूप में पार्षद आलोक श्रोती, सरपंच अनामिका यादव मंच पर उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से विशारद यादव, मनोज यादव, थनवार यादव, जागेश्वर, पवन, संतोष, पालक, देवनारायण, इंदल, नारद, उमेंदी, शिवलाल, कार्तिक एवं कृष्णा सहित अन्य उपस्थित रहे। आयोजन में सिंगदई सर्किल अध्यक्ष विशारद यादव ने स्वागत भाषण के बाद सामाजिक भवन की आवश्यकता से अवगत कराते भवन निर्माण की मांग की। जिलाध्यक्ष मन्ना यादव ने अपने भाषण में समाज की समस्याओं एवं भविष्य की चुनौतियों से अवगत कराया। पार्षद आलोक श्रोती ने अतिथिगणों का स्वागत करते आयोजन को अन्य समाज के लिए अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक बताया।

#### इंदामरा मंडई आज

**राजनांदगांव।** इंदामरा में कल 5 फरवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। कल गुरुवार को आयोजित मंडई में रात्रि में मनोरंजन के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है। आयोजक समिति ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में मंडई मेला में शामिल होने की अपील की है। इसके अलावा आयोजक की तैयारी पूरी कर ली गई है। यह जानकारी ग्रामीण टुमनलाल सेन ने दी।

## मोर्चा पदाधिकारियों ने किया मंडलों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा मंत्री मूलचंद लोधी एवं जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष दादूराम सोनकर ने राजनांदगांव जिले के विभिन्न मंडलों छुरिया, गैंदाटोला, कुमरदा, डोंगरगांव एवं अर्जुनी का विस्तृत दौरा कर मंडल अध्यक्षों, महामंत्रियों एवं पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान संगठन की मजबूती, किसान हितों से जुड़े मुद्दों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू, पूर्व जिला भाजपा महामंत्री रविंद्र वैष्णव, पूर्व प्रदेश भाजपा सह सोशल मीडिया प्रभारी रमेश सोनवानी, जितेंद्र वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष छुरिया संजय सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कांता साहू, महामंत्री शेखर भारतध्वज, अशोक मरकाम, जनपद सदस्य भेषबाई साहू, मोनू गुप्ता, गैंदाटोला अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, कुमरदा मंडल अध्यक्ष हिरदे देवांगन, डोंगरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी, मंडल महामंत्री सतीश पांडे, महेश्वर साहू, डोमन पटेल, रुद्र कोरे, मनीष पटेल तथा अर्जुनी मंडल अध्यक्ष भुवन साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




#### कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने आह्वान

प्रदेश किसान मोर्चा मंत्री मूलचंद लोधी ने कहा कि भाजपा सदैव किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है और संगठन के माध्यम से गांव-गांव तक किसान कल्याण योजनाओं की जानकारी पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष दादूराम सोनकर ने मंडल स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने तथा किसान मोर्चा के कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने का आह्वान किया।

### बम्लेश्वरी हॉस्पिटल में आर्थोपेडिक सर्जरी

**डोंगरगढ़।** माँ बम्लेश्वरी हॉस्पिटल में 2 दिन में चार आर्थोपेडिक सर्जरी की गई। सफल सर्जरी से हड्डियों और जोड़ों से जुड़ी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को बड़ी राहत मिली है। जानकारी के अनुसार सर्जरी में घुटने और फीबुला प्लेटीन, टीबीडब्ल्यु से संबंधित आपरेशन शामिल था। अस्पताल के डॉ प्रियांशु पांडे, डॉ सिद्धार्थ बेनर्जी और सहायक खिलावन वर्मा, विनेश्वरी, पूजा, राधेश्याम, देविका थे। डॉक्टरों ने बताया कि आधुनिक तकनीक के साथ जटिल आपरेशन किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि आपरेशन के बाद मरीजों की स्थिति स्थिर है।जल्द ही मरीज सामान्य स्थिति में आ जाएंगे।



### 8 से दो दिवसीय रामायण सम्मेलन

**राजनांदगांव।** जिले के टप्पा क्षेत्र के ग्राम कोलिहापुरी में आगामी 8 फरवरी से दो दिवसीय रामायण सम्मेलन 2026 का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजन जय श्रीराम नवयुवक मंडल व समस्त ग्रामवासी ग्राम कोलिहापुरी के तत्वावधान में आयोजित होगा। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ 8 फरवरी को सुबह 10 बजे से भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत और जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी की अध्यक्षता में होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोडापे, कोलिहापुरी सेवा सह.स.मर्या. अध्यक्ष भुपेन्द्र वर्मा, कोलिहापुरी सरपंच मदनलाल देवांगन व उपसरपंच ताराचंद सिन्हा शामिल होंगे। समारोह का समापन दूसरे दिन 9 फरवरी को रात्रि 9 बजे मुख्य अतिथि डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू व डोंगरगढ़ जनपद के पूर्व अध्यक्ष भावेश सिंह की अध्यक्षता तथा डोंगरगढ़ जनपद सदस्य मंजू नरेन्द्र वर्मा, कोलिहापुरी ग्राम पटेल चेतन वर्मा, कोलिहापुरी सरपंच मदनलाल देवांगन के विशिष्ट आतिथ्य में होगा।

### केन्द्र सरकार की रैंप योजना के तहत कार्यक्रम

# हथकरघा क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों के लिए सेक्टर स्पेसिफिक तीन दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

केंद्र सरकार की रैंप योजना के अंतर्गत जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के बुनकर केंद्र छुईखदान में हथकरघा क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों हेतु सेक्टर स्पेसिफिक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार तथा राज्य शासन की उद्यमिता प्रोत्साहन पहलों के तहत सीएसआईडीसी रायपुर के बैनर तले चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 35 उद्यमियों एवं महिला उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना, स्वरोजगार के अवसर सृजित करना तथा प्रतिभागियों को व्यवहारिक एवं तकनीकी ज्ञान प्रदान करना रहा। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रतिभागियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी वर्तमान गतिविधियों, कार्य प्रणाली एवं चुनौतियों की जानकारी ली गई। इसके पश्चात मास्टर ट्रेनर द्वारा वन-टू-वन मार्गदर्शन के माध्यम से संस्थागत ढांचे, अनुभवों एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर श्रीमती पारुल पाण्डेय, डिविजनल समन्वयक लोकेश सिन्हा एवं तुषार साहू की सक्रिय भूमिका रही। समापन अवसर पर चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।




#### प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस जिला उद्योग केंद्र के मैनेजर प्रणय बघेल की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने प्रशिक्षुओं को विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभ, ऋण प्रणाली, सब्सिडी, वर्किंग कैपिटल एवं प्रस्तुति संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। इस अवसर पर पूर्व संचालित ईडीपी लीप बैच के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

#### प्रावधानों की दी जानकारी

द्वितीय दिवस केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, सब्सिडी प्रावधानों, ईडीपी प्रशिक्षण, कौशल विकास, मार्केटिंग रणनीतियों तथा उद्यम पंजीयन की आवश्यकताओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं अंतिम दिवस आयात-निर्यात की रणनीति, विभागीय समन्वय तथा भविष्य की मांगों के अनुरूप साड़ी, सूट, कुर्ता आदि रेडीमेड वस्त्रों के निर्माण पर केंद्रित रहा, जिससे बुनकरों को अतिरिक्त रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें।

### धान खरीदी आज और कल होगी



**सड़क अतरिया।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अवधि 30 जनवरी को पूर्ण हो गई है। कुछ किसानों की परेशानी एवं समस्या से वाकिफ होकर सरकार ने धान खरीदी की अवधि दो दिन और बढ़ाने की घोषणा की । किसानों से कल 5 एवं 6 फरवरी को धान खरीदा जाएगा। सरकार के इस फैसले से धान बेचने से वंचित किसानों को राहत मिली है। जानकारी अनुसार सरकार की कसावट एवं निगरानी के चलते अवैध धान का उपार्जन केन्द्र आने से रोकने का सफल प्रयास किया गया जिसके परिणाम स्वरूप उपार्जन केन्द्रों में बीते साल की अपेक्षा कम खरीदी हुई है। हालांकि सभी उपार्जन केन्द्र ने लक्ष्य के बराबर खरीदी कर लिया है।

पेज 11 का शेष

### आवासीय कोचिंग से...

**पढ़ाई को लेकर मिल रही सहूलियत**

इस आवासीय कोचिंग से बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट को सुधारने में काफी मदद मिलेगी और प्रदेश में जिले का स्थान बेहतर होगा। बच्चों को निःशुल्क मिल रहे इस कोचिंग को लेकर छात्र-छात्राओं में उत्साह नजर आ रहा है। यहां अध्ययन करने पहुंचे छात्र-छात्राओं का कहना है कि अब तक वह स्वयं से पढ़ रहे थे, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा दिए जा रहे इस कोचिंग से उन्हें काफी सहूलियत हुई है। वहीं विषय के शिक्षकों द्वारा जो परीक्षा और पढ़ाई को लेकर संदेह है, उसे पर भी काफी विस्तार से बताया जा रहा है, जो अच्छे से समझ भी आ रहा है।

## सार समाचार

### प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

**राजनांदगांव।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज के दो दिवसीय राज्य स्तरीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन व हल्दी कुमकुम कार्यक्रम में प्रथम दिवस बच्चों व महिलाओं की खेलकूद, मेंहदी, रंगोली, चित्रकला, कुर्सी दौड़ व अन्य प्रतियोगिता आयोजित हुई। आयोजन के द्वितीय दिवस समाज के संत श्री




संता जी जगनाडे महाराज की पूजा-अर्चना व दीप प्रज्जवलित समाज के वरिष्ठ सदस्य हिम्मतलाल पाटिल, विजय बावनकर, जगन्नाथ सतीमाहुरे, विजिया गवते, गीता बुराड़े, अध्यक्ष राजेश समरीत, महिला मंडल अध्यक्ष मंजू बुटले, कोषाध्यक्ष चंद्रभूषण गायधनी, गजेन्द्र लांबट, रमा देशमुख व छत्तीसगढ़ राज्य के अन्य जिलों से पधारे सम्मानित अतिथि द्वारा कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस, गणेश वंदना, धार्मिक गीत, देशभक्ति गीत, छत्तीसगढ़ी गीत, मराठी गीत, गणेश पूजा, दुर्गा पूजा, जयंती उत्सव, हिंदू त्यौहार व अन्य नयनाभिराम प्रस्तुति समाज के बच्चे व महिलाओं द्वारा प्रस्तुति दी गई। समाज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10वीं व 12वीं परीक्षा में प्रथम श्रेणी में आने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। सम्मान प्राप्त करने वाले छात्र अर्चित घाटोड़े, समीक्षा तराने ने 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान व दिवेश रेवतकर, इशिता महाकालकर 10वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन संगीता गवते व अभिषेक गिरेपुंजे द्वारा किया गया।

### पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ कलार समाज का पारिवारिक मिलन समारोह युवक-युवती परिचय सम्मेलन राजनांदगांव के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन तथा माता बहादुर कलारिन की चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित देव पूजन के साथ किया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इसके बाद अतिथियों का स्वागत




सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन जनक सोनवानी ने किया। इस अवसर पर ठाकुरराम सिन्हा, शिवशंकर डड़सेना, पुनमचंद सिन्हा, गंगाराम सिन्हा, बालकृष्ण सिन्हा, सोनकुमार सिन्हा, नाथूराम सिन्हा, जयदीप सिन्हा, त्रिवेणी सिन्हा, निर्मला जितेंद्र सिन्हा, चंद्रा सिन्हा, हंसा सिन्हा, सुनिता सिन्हा, अंजनी सिन्हा, लता सिन्हा, अनीता सिन्हा, दीपिका सिन्हा, पूर्णिमा सिन्हा समेत अन्य शामिल थे।

### ओलंपियन टॉप बच्चों का सम्मान



**राजनांदगांव।** ग्राम बोरी में संचालित नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल के इंटरनेशनल साइंस एवं नेशनल मैथ्स टॉप बच्चों का सेवाभावी संस्था आराधना महिला मंडल द्वारा सम्मान किया गया। नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल की प्राचार्य एकता गांधी व शिक्षकों की उपस्थिति में आराधना महिला मंडल की अध्यक्ष प्रभा बरडिया, सचिव पुष्पा अग्रवाल व कोषाध्यक्ष अलका जानी सहित संरक्षिका सरस्वती माहेश्वरी, आभा पोद्दार, कुसुम रायचा, भगवती खंडेलवाल आदि द्वारा इंटरनेशनल ओलंपियन टॉप किए क्लास 4थी, 5वीं, 6वीं, 7वी, 8वीं एवं 9वीं के बच्चों को हार-फूल पहनाकर तथा नगद राशि देकर सम्मान किया गया। वहीं टॉपर बच्चों को गिफ्ट रूप में इनस्लाइकोपिडिया, डिक्शनरी व अन्य ज्ञानवर्धक पुस्तकें प्रदान की गई। टॉपर बच्चों के सम्मान के दौरान नेशनल साइंस में ओलंपियन टाप करने वाले मैथ्स एवं साइंस के टॉपर आदि शिव मोदी व अनंजय मोदी की माताश्री विधी का भी श्रीफल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। इसी तरह वीरम जैन, हर्षवर्धन सिन्हा, मैथ्स के तनिष्का मालूम, मैथ्स व साइंस के लक्ष्य साहू, साइंस के अमृत भीमनानी को सम्मानित किया गया।

### चौपाटी में योग शिविर का आयोजन



**राजनांदगांव।** आयुष विभाग द्वारा 1 से 5 फरवरी तक सुबह 6 से सुबह 8 बजे तक राजनांदगांव शहर के चौपाटी में योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में प्राकृतिक एवं योग चिकित्सक डॉ. भारती यादव द्वारा सूर्यनमस्कार, कमर, घुटना, गर्दन दर्द के लिए योगासन, महिलाओं से संबंधित योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान तथा षट्कर्म (त्राटक प्रक्रिया), नेत्रप्रक्षालन एवं एरोबिक्स का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में प्रतिदिन योग लाभार्थियों को प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु अंकुरित एवं हर्बल काढ़ा का वितरण किया जा रहा है। आयुष विभाग द्वारा 27 से 31 जनवरी तक आयुष योगा वेलनेस सेंटर आयुष पॉली क्लिनिक दीनदयाल नगर चिखली में योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### उत्तमचंद लूनिया स्मृति पदक विधि छात्रों को मिलेंगे

**राजनांदगांव।** पंडित किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में अध्ययनरत भविष्य के वकीलों को प्रोत्साहन स्वरूप पदक प्रदान करने वाले दानदाताओं का योगदान लगातार संस्था को सहयोग करने प्रतिबद्ध नजर आ रहा है। आज दो और स्वर्ण पदकों की घोषणा लूनिया परिवार द्वार की गई है। विधि महाविद्यालय राजनांदगांव से अधिवक्ता की उपाधि प्राप्त



करने वाले विद्यार्थियों के लिए पदकों की घोषणा के क्रम में आज नगर के प्रतिष्ठित लूनिया परिवार द्वारा अपने आत्मीयजनों की स्मृति में प्रदान करने की बात कही गई है। महेंद्र लूनिया एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. अल्पना लूनिया ने क्रमशः स्व.उत्तमचंद लूनिया तथा स्व.धर्मचंद सुराणा हैदराबाद की स्मृति में गोल्ड प्लेटेड पदक प्रदान करने हेतु जरूरी राशि का चेक प्रदान किया। नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश एच. लाल ने चेक ग्रहण करते लूनिया दंपत्ति का साधुवाद किया।

### बेतरतीब पार्किंग से दुर्घटनाओं की आशंका, बढ़ा यातायात का दबाव

# यातायात अव्यवस्था पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर में लगातार बिगड़ती जा रही यातायात व्यवस्था को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने गंभीर चिंता जताई है। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा से मुलाकात कर नगर की यातायात समस्याओं से अवगत कराते समाधान की मांग का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि नगर में बेरोकटोक भारी वाहनों की आवाजाही, बसों के मनमाने स्टापेज, चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति और बेतरतीब पार्किंग के चलते आम नागरिकों को भारी दबाव और जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। चार पहिया और तीन पहिया वाहनों की आवाजाही सबसे अधिक प्रभावित हो रही है। जिससे दैनिक जीवन और व्यापारिक गतिविधियां बाधित हो रही है। इसके साथ ही नेशनल हाइवे में बंद पड़ी हाईमास्ट लाइटों के कारण रात के समय दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है।

#### व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर करेंगे घेराव

जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इन समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेते हुए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि राजनांदगांव की जनता को जाम, अव्यवस्थित ट्रैफिक और अनावश्यक परेशानी से राहत मिल सके। श्री मुदलियार ने कहा कि जनता से जुड़ी इन समस्याओं पर अगर 15 दिनों में सुधार लागू नहीं हुए तो पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया जाएगा।



#### सुगम हो यातायात व्यवस्था

इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार की व्यापक गुंजाइश है, लेकिन इसके लिए जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम प्रशासन को संयुक्त रूप से कार्ययोजना बनाकर अमल करना होगा। केवल एक विभाग के प्रयास से स्थिति नहीं सुधर सकती। श्री मुदलियार ने स्पष्ट रूप कहा कि यातायात सुधार के नाम पर आम नागरिकों और व्यापारियों को परेशान करना स्वीकार्य नहीं है। व्यवस्था इस तरह बनाई जाए कि सर्विस लेन और प्रमुख चौक-चौराहों पर आवागमन सुगम हो, भारी वाहनों के दबाव को नियंत्रित किया जाए और बसों को तय स्टापेज पर ही रोका जाए।

## स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त करने नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। जिसके तहत प्रतिदिन साफ-सफाई कर कचरा उठाया जा रहा है। नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ने फिडबेक लिया जा रहा है। साथ ही सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत की गई है। समय-समय पर स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड प्रभारी, स्वच्छता मित्र, स्वच्छता दीदी एवं मिशन क्लीन सिटी प्रभारी की बैठक लेकर स्वच्छता में सुधार करने निर्देशित किया जा रहा है। महापौर एवं नगर निगम आयुक्त द्वारा सुबह वार्डों में सफाई निरीक्षण कर जहां एक ओर स्वास्थ्य कर्मियों को सफाई में और सुधार करने के निर्देश दे रहे हैं। वहीं नागरिकों से शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने अपील की जा रही है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते नगर निगम का स्वास्थ्य अमला साफ-सफाई में विशेष ध्यान दे रही है। इसके तहत निर्धारित समय तक सड़कों, गलियों नाली एवं नालों की सफाई कराकर कचरा उठाया जा रहा है। अनुपस्थित कर्मचारी एवं कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही कर्मचारियों को हिदायत दिया गया है कि साफ-सफाई संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करना है। कहीं पर भी सफाई नहीं होने की शिकायत पर प्राथमिकता से उसे सफाई कराने निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि तकनीकी अधिकारियों को भी अपने-अपने प्रभरित वार्ड में सफाई देखने दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा सामुदायिक सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत भी कराई गई है।

## डोंगरगढ में 48 करोड़ की लागत से प्रसाद योजना का काम पूरा, शीघ्र होगा लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की प्रसाद योजना अंतर्गत मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर डोंगरगढ़ का विकास परियोजना के लिए पर्यटन विभाग छत्तीसगढ़ शासन को 48 करोड़ 43 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। परियोजना का कार्य पूर्ण हो चुका है। परियोजना के तहत मां बम्लेश्वरी पहाड़ी में सीढ़ियों का जीर्णोद्धार, सीढ़ियों में शेड, रेलिंग, पेयजल, शौचालय, प्रकाशीकरण तथा पहाड़ी के नीचे तालाब का सौंदर्यीकरण,शॉप्स, पार्किंग एवं संपूर्ण क्षेत्र में साइनेज का कार्य कराया गया है। प्रज्ञागिरि परिसर में ध्यान केन्द्र, कैफेटेरिया, पार्किंग, सीढ़ियों का जीर्णोद्धार, सोलर प्रकाशीकरण, पेयजल का कार्य कराया गया है। श्रद्धालुओं के लिए 9.5 एकड़ में एक पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। जिसका आकार श्रीयंत्र के जैसा है। इसमें ध्यान केन्द्र, विश्राम कक्ष, प्रसाद कक्ष, सांस्कृतिक मंच, क्लॉक रूम, सत्संग कक्ष, पेयजल, शौचालय, लैंडस्केपिंग, सोलर प्रकाशीकरण, पार्किंग एवं प्रवेश द्वारा सहित अन्य निर्माण कार्य किए गए हैं। कार्य पूर्ण हो चुका है, केवल फिनिशिंग कार्य किया जाना शेष है। निगरानी समिति एवं दिशा समिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा समय-समय पर योजना की समीक्षा की जा रही है। नियमानुसार श्रमिकों को भुगतान किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की अनुबंधित एजेंसी टीसीआईएल द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यह निर्माण एजेंसी भारत सरकार के दूर संचार मंत्रालय से संबद्ध है।

## वोटरों का नाम हटाने का पर्दाफाश, जिलाध्यक्ष ने बैज को सौंपे दस्तावेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज से सौजन्य मुलाकात कर संगठन के तात्कालिक कार्यों व आवश्यक विषय की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिला महामंत्री राहुल तिवारी एवं पंकज बांधव तथा जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता अनीस खान उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा समर्थित व्यक्तियों द्वारा फॉर्म-7 के माध्यम से कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित करने के प्रयास का साक्ष्य सहित खुलासा किया। उन्होंने बताया कि इस गंभीर मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया तथा दोषियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई है। साथ ही इस पूरे प्रकरण से संबंधित साक्ष्यात्मक तथ्यों के आधार पर तैयार किए गए समस्त दस्तावेज प्रदेश अध्यक्ष को सौंपे।

विपिन यादव ने प्रदेश अध्यक्ष को यह भी अवगत कराया कि छुरिया क्षेत्र में इस प्रकार के नाम विलोपन की जानकारी सर्वप्रथम पूर्व विधायक छन्नी साहू द्वारा संज्ञान में लाई गई थी। इसके पश्चात पूर्व विधायक छन्नी साहू, वर्तमान विधायक भोलाराम साहू, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक प्रयास करते साक्ष्य आधारित जानकारी एकत्र की गई। जिसके परिणामस्वरूप भाजपा के इस षड्यंत्र का भंडाफोड़ संभव हो सका। उपरोक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान ने दी।

## अवैध प्लाटिंगः जोगी कांग्रेस ने संभाग आयुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव। अजीत जोगी युवा मोर्चा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसुल आलम ने राजनांदगांव, दुर्ग व बालोद जिले में शहरी क्षेत्र व उसके आसपास ग्रामीण में चल रहे अवैध प्लॉटिंग के खेल पर जांच कर कार्रवाई करने दुर्ग संभाग आयुक्त के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही जल्द कार्रवाई न होने पर अजीत जोगी युवा मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री निवास के सामने प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

### अरूण को दी भावभीनी विदाई



**राजनांदगांव।** शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय में कार्यरत कर्मचारी की सेवानिवृत्ति पर साथियों ने भावभीनी बिदाई दी। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के दुर्ग संभाग अध्यक्ष आनंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 62 वर्ष की अपनी अधिवार्षिकी सेवा अवधि पूर्ण कर मुद्रणालय के वरिष्ठ पुस्तबंधक अरूण उपाध्याय सेवानिवृत्त हुए। प्रधान कार्यालय से आए उच्चाधिकारी संचालक अरविंद कुमार एक्का ने सफलतापूर्वक अधिवार्षिकी सेवा अवधि पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी के सुखमय भविष्य की कामना करते शुभकामनाएं दी।

## महापौर ने शिक्षक नगर और नेहरू नगर में किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



महापौर मधुसूदन यादव बीते सोमवार को नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, शैंकी बग्गा, डुरेन्द्र साहू, पार्षद श्रुति लोकेश जैन व संदीप बघेल, पूर्व पार्षद सिद्धार्थ डोंगरे, पार्षद प्रतिनिधि नदान सेन के साथ शिक्षक नगर में पैदल भ्रमण कर वार्डवासियों से मुलाकात कर साफ-सफाई व पानी के संबंध में चर्चा की। चर्चा के दौरान पानी निकासी की समस्या पर उन्होंने उप अभियंता रोमाली शेंडे से प्रक्रिया पूर्ण कर जल्द नाली निर्माण कराने कहा। उन्होंने नाली निर्माण के बीच आ रही निजी भूमि के लिए भूस्वामी से चर्चा कर सहयोग करने कहा, जिस पर भूस्वामी ने नाली बनाने सहमति दी। महापौर यादव ने वार्डवासियों से कहा कि स्वच्छता बनाए रखने सहयोग करें, कचरा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाड़ी में ही डाले।

महापौर श्री यादव नेहरू नगर पहुंचकर कालोनी में भ्रमण कर कालोनीवासियों से रूबरू हुए। उन्होंने साफ-सफाई के बारे में जानकारी लेकर स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव से कालोनी के सभी ओर समुचित साफ-सफाई कराने निर्देशित किया। इसके अलावा अधोसंरचा मद अंतर्गत स्वीकृत राशि 8 लाख रुपए से उद्यान निर्माण के लिए वार्ड पार्षद सतीश मसीह एवं नेहरू नगरवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। महापौर ने कहा कि जल्द उद्यान का निर्माण किया जाएगा, ताकि इसका लाभ कालोनीवासी उठा सके। उन्होंने निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के बंद कार्य को संबंधित ठेकेदार से चालू कराने उप अभियंता मुनेन्द्र साठिया को निर्देशित किया। इसी प्रकार रोड व नाली निर्माण की मांग पर प्राक्कलन तैयार करने कहा।नगर निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने संबंधित उप अभियंता से कहा कि उद्यान निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करा गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण कराएं। उन्होंने निर्माण कार्य की सतत मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड प्रभारी से कहा कि सुबह उपस्थिति के बाद निर्धारित समय तक सफाई कर्मी कार्य करना सुनिश्चित करें, सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो इसका ध्यान रखे। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य एवं तकनीकी अमला उपस्थित था।

### म्युनिसपल स्कूल मैदान में आयोजन

## मुस्लिम प्रीमियम लीग क्रिकेट स्पर्धा का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग द्वारा आयोजित मुस्लिम प्रीमियम लीग (एमपीएल) रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन समारोह उत्साह, खेल भावना और सामाजिक सौहार्द्र के वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग द्वारा किया जा रहा है। जिसकी व्यवस्था जिला अध्यक्ष शकील रिजवी एवं उनके नेतृत्व में गठित आयोजन समिति द्वारा की गई है।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव व अन्य विशिष्ट अतिथियों में प्रतियोगिता के संरक्षक रज्जाक भाई, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, पार्षद वर्षा शरद सिन्हा, जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता अनीस खान, वरिष्ठ



कांग्रेसी कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, अशोक फड़नवीस, आसिफ अली, ऑफताब आलम, नासिर जिंदरान, अतहर साहब, आदिल रिज़वी, मन्नान खान, बबलू कसार, गोलबाज़ार एवं तुलसीपुर मोती मस्जिद के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं क्रिकेटप्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

#### खेल से मजबूत होती है एकता : महापौर

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि खेल समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करता है तथा युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवा प्रतिभाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और समाज में सामाजिक सौहार्द्र को बढ़ावा देते हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री शाहिद भाई ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करती है। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इसके पश्चात दर्शनीय आतिशबाजी के साथ प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ हुआ।



## खबर संक्षेप

### परसहा में माघी पूर्णिमा मेला-मड़ई आयोजित



हरिभूमि बरबसपुर। माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम परसहा में आयोजित मेला-मंड़ई में झेरिया यादव समाज एवं जरती समिति के तत्वाधान में धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। मेला स्थल पर सर्वप्रथम भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ग्राम एवं क्षेत्र की सुख-शांति, खुशहाली व कल्याण की कामना की गई। इस अवसर पर यादव समाज की विभिन्न टोलियों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर दोहा-साखी की धुन पर नृत्य व उपदेश प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक समरसता, धार्मिक एकता और नैतिक मूल्यों का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। ग्रामीणों एवं दर्शकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे समाज को जोड़ने वाला प्रयास बताया। झेरिया यादव समाज द्वारा यह आयोजन प्रतिवर्ष माघी पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम परसहा में किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं आसपास के ग्रामीण सहभागिता करते हैं।

### सेमरकोना में न्योता भोज आयोजित कर छात्र-छात्राओं को पेन-कॉपी देकर किया सम्मानित



हरिभूमि कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला सेमरकोना में बुधवार को सरपंच उतरा धुर्वे द्वारा अपने जन्मदिन पर न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को न्योता भोज में खीर-पूरी, चांवल-दाल व सब्जी परोसा गया। साथ-साथ स्कूल के छात्र छात्राओं को पेन-कॉपी वितरण किया गया सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच उत्तरा धुर्वे ने अपने जन्मदिन पर न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत के पंचगण, सचिव गांव की सम्मानित गणमान्य नागरिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### दामापुर में विद्युत विभाग ने मनाया रजत महोत्सव



हरिभूमि कोलेगांव। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के 25 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में विद्युत विभाग द्वारा रजत महोत्सव मनाया जा रहा है, वहीं सोमवार को विद्युत विभाग द्वारा दामापुर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी कर्मचारीयों व जनप्रतिनिधियों एवं उपभोक्ताओं का बड़ी संख्या में सहभागिता रही। आयोजन के माध्यम से विभाग द्वारा विद्युत सुरक्षा ऊर्जा संरक्षण एवं बिल भुगतान की डिजिटल सुविधाओ को जागरूकता को लेकर प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में विभाग के 25 वर्षो की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया, ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में विद्युत विस्तार सेवा प्रणाली सुधार लाइन में कमी तकनीकी नियम एवं उपभोक्ताओं के सुविधाओं में हुए बदलाव की जानकारी सरल भाषा में दी गई। इस रजत महोत्सव की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अश्वनी यदु, अध्यक्षता बहादुर खान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ एवं पूर्व शिक्षक अशोक राजपूत, सुमन धीमर, कुलेश्वर चंद्राकर एवं ग्रामवासी, क्षेत्रवासी के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिस पर अश्वनी यदु ने कहा की छत्तीसगढ़ राज्य के विकास में विद्युत विभाग की अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है, बिजली से शहर के साथ गांव एवं वनांचल क्षेत्र भी जगमगा रहा है, छत्तीसगढ़ राज्य में बिजली की एक अलग पहचान है। भाजपा के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ बिजली को लेकर सरप्लस रहा विष्णु देव साय की अगुवाई में हर गांव हर शहर के तारों को केबल में बदला जा रहा है, ताकि दुर्घटना के सम्भावना को कम किया जा सके एवं वोल्टेज की समस्या से भी निजात मिल सके। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के अथक प्रयास से दामापुर सब स्टेशन एवं कोलेगांव सब स्टेशन को पावर हब बनाया जा रहा है ताकि बिजली की समस्या को दूर किया जा सके। वहीं माखन चंद्रवंशी ने कहा की रजत महोत्सव केवल उत्सव नहीं बल्कि हितग्राहियों से संवाद का अवसर है, जिसे विद्युत की जानकारी अदान प्रदान की जाती है। बहादुर खान ने कहा राज्य के साथ साथ जिला एवं ब्लाकों व ग्रामीण अंचलों में बिजली व्यवस्था में सुचारू रूप से निरंतर सुधार से जनता का भरोसा बढ़ा है। अशोक राजपूत ने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं के सुविधाओं को आसान बनाने और शिकायत प्रणाली को मजबूत करने की सराहना की एवं बिजली विभाग द्वारा त्वरित कार्य की प्रशंसा करते हुए बिजली विभाग के समस्त स्टाप को बधाई प्रेषित की। जेई सत्यम मरावी ने कहा बिजली सिर्फ सुविधा ही नहीं विकास की रीढ़ है हर घर तक सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है, वही दामापुर सब स्टेशन के लाइनमैन मरावी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## सौगात : भावना बोहरा के प्रयासों से 8 गांव के हजारों किसानों को मिलेगा लाभ

# बहुप्रतीक्षित रेंगाबोड़-कुण्डा व्यपवर्तन योजना के लिए मिली 63.80 करोड़ की स्वीकृति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया/कुण्डा

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की जनता एवं किसान भाइयों की वर्षो पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों से डबल इंजन भाजपा सरकार ने पूर्ण करते हुए क्षेत्र को बड़ी सौगात प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं किसान-हितैषी नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील व विकासोन्मुखी सरकार द्वारा रेंगाबोड़-कुण्डा व्यपवर्तन योजना हेतु 63 करोड़ 80 लाख रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह महत्वाकांक्षी योजना पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बनियाकुबा, रेंगाबोड़-कुण्डा, ओड़ाडबरी, लोखान, सेन्हाभाटा, दुल्लापुर, बर्घरा एवं भुवालपुर सहित आस-पास के ग्रामों के हजारों किसानों किसानों के लिए जीवनरेखा सिद्ध होगी। परियोजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र के लगभग 1620 हेक्टेयर खरीफ क्षेत्र में सिंचाई हेतु पर्याप्त एवं सुनिश्चित जल उपलब्ध होगा। इससे किसान अब केवल मानसून पर निर्भर नहीं रहेंगे तथा कृषि उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि होगी। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव से का आभार व्यक्त करते हुए जनता को बधाई दी और कहा कि यह परियोजना केवल सिंचाई सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह किसान सशक्तिकरण, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विस्तार, रोजगार सृजन एवं पंडरिया विधानसभा के समग्र विकास की दिशा में एक निर्णायक कदम है। लंबे समय से लंबित सिंचाई समस्या का समाधान कर यह योजना क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। रेंगाबोड़-कुण्डा व्यपवर्तन योजना पंडरिया विधानसभा के किसानों के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण साबित होगा।

### पंडरिया विधानसभा निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर

विधायक ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद से पंडरिया विधानसभा निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। इसके पूर्व भी किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए बकेला के पास हाफ नदी में व्यपवर्तन योजना का निर्माण कार्य एवं फिडर तथा रमतला जलाशय का शीर्ष कार्य, नहरों का रिमाडलिंग कार्य एवं क्रांति जलाशय तथा देवसरा जलाशय के नहरों का रिमॉडलिंग, लाईनिंग तथा नहर विस्तारीकरण कार्य और सुतियापाट जलाशय मध्यम सिंचाई परियोजना के बायीं तट मुख्य नहर का विस्तारीकरण तथा माइनर नहरों के निर्माण हेतु 121 करोड़ की परियोजनाएं अपना आकार ले रही हैं। इसके साथ ही महीडबरा जलाशय शीर्ष कार्य, नहर कार्य संरचनाओं का जीर्णोद्धार कार्य, आगर नदी पर ग्राम छीरपानी के पास एनीकट निर्माण और ग्राम अमनिया के कन्हैया नाला में एनीकट कम कराया जाने का निर्माण कार्य एवं उद्वहन सिंचाई योजना निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिस तत्परता से डबल इंजन भाजपा सरकार मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है। किसानों के हित को सर्वोपरि रखकर उन्हें आत्मनिर्भर व सशक्त बना रही है वह विकसित भारत का सशक्त प्रमाण है। आज पंडरिया विधानसभा के किसान भाई-बहनों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है।

### गांवों की खुशहाली और क्षेत्र की आर्थिक प्रगति की मजबूत नींव

भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में जल संसाधनों के सुदृढ़ीकरण, सिंचाई सुविधा के विस्तार और किसानों की समृद्धि को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रगति पर हैं जिससे आने वाले समय में क्षेत्र के किसानों को उसका लाभ मिलेगा। यह केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि किसानों के भविष्य, गांवों की खुशहाली और क्षेत्र की आर्थिक प्रगति की मजबूत नींव है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में जल संचय की क्षमता कई गुना बढ़ेगी, किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की आपूर्ति होगी जिससे उत्पादन एवं उनकी आय में वृद्धि होगी। इससे जल संकट की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी और क्षेत्र के किसानों को बारहमासी जल स्रोतों का लाभ प्राप्त होगा। निश्चित ही यह परियोजनाएं पंडरिया विधानसभा को कृषि के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलायगी।

## अनदेखी: दामापुर हाफ नदी पर बना पुल जर्जर, बड़े-बड़े दरारों से बढ़ा हादसे का खतरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत दामापुर-कोदवा-निगापुर मार्ग पर हाफ नदी पर बना पुल वर्तमान में अत्यंत जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। पुल के बीचो-बीच बड़े-बड़े गड्ढे और गहरी दरारें उभर आई हैं, जिससे यह किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2002 में निर्मित यह पुल अब अपनी आयु पूरी कर चुका प्रतीत हो रहा है। प्रतिदिन इस मार्ग से हजारों स्कूली छात्र छात्राएं, ग्रामीण, यात्री और राहगीर जान जोखिम में डालकर पुल पार करने को मजबूर हैं। यह मार्ग कवर्धा से मुंगेली को जोड़ता है, जिस पर बस सहित अन्य भारी वाहनों का आवागमन लगातार बना रहता है, जिससे दुर्घटना की आशंका और भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार मरम्मत के नाम पर केवल डामर की पतली परत बिछा दी गई है, जो स्थायी समाधान नहीं है। पुल की वास्तविक मरम्मत या पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल पुल का निरीक्षण कर मजबूतीकरण या नए पुल का निर्माण कराया जाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से पहले जन-धन की रक्षा हो सके।

## अज्ञात व्यक्ति ने सांड पर टंगिया से किया जानलेवा हमला, घायल

### लहूलुहान हालत में ग्रामीणों ने कराया इलाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम बांझीमौहा जो ग्राम पंचायत जेवडन खुर्द का आश्रित ग्राम है एवं कवर्धा विकासखंड के अंतर्गत आता है, वहां एक अमानवीय घटना सामने आई है। ग्राम की गौठान में मवेशियों की नस्ल सुधार के उद्देश्य से ग्राम पंचायत द्वारा छोड़े गए सांड पर अज्ञात व्यक्ति ने टंगिया से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में सांड गंभीर रूप से घायल हो गया और लहूलुहान हालत में दर्द से कराहता रहा।

ग्रामीणों ने जब सांड को पीड़ा में देखा तो तुरंत चलित पशु चिकित्सा सेवा को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची टीम द्वारा सांड का उपचार किया गया। गौरतलब है कि हिंदू धर्म में सांड को भगवान शंकर का रूप माना जाता है और उसकी पूजा-अर्चना की जाती है। इस प्रकार की घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। घायल सांड की सेवा, देखभाल और दवा-पानी की जिम्मेदारी ग्रामवासियों ने स्वयं संभाल ली है। हेमराज कश्यप, विजय डोंगरे, अरुण कश्यप, सिद्धराम, संतोष डहरिया, ज्ञानदास, दीपक यादव, दीपक ओगरे, मुक्कु यादव, प्रकाश डहरिया, लोकचंद कश्यप, सागर कश्यप, महेश कश्यप, अनुराग, रितेश यादव, तुलसी यादव सहित समस्त ग्रामवासी सांड के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए सेवा में जुटे हुए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी अज्ञात व्यक्ति की पहचान कर उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएं।

## युवाओं के लिए सुनहरा अवसर, माय भारत बजट क्वेस्ट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा माय भारत पोर्टल के माध्यम से 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए माय भारत बजट क्वेस्ट-2026 नामक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को केंद्रीय बजट-2026 की जानकारी देना, उनकी वैचारिक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता का विकास करना तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ना है। यह कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण में जिला स्तर पर माय भारत पोर्टल के माध्यम से केंद्रीय बजट-2026 पर आधारित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। द्वितीय चरण में चयनित प्रतिभागियों के लिए 8 निर्धारित विषयों पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि यह है कि दोनों चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सीधा संवाद करने का गौरवपूर्ण अवसर प्राप्त होगा। इस संबंध में जिला युवा अधिकारी कवर्धा ने जिलों के सभी पात्र युवाओं से अपील की है कि वे इस राष्ट्रीय महत्व की पहल में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें तथा माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। साथ ही विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से भी छात्र छात्राओं एवं युवाओं को इस कार्यक्रम हेतु प्रेरित करने अपील किया गया। यह कार्यक्रम युवाओं को देश की आर्थिक नीतियों को समझने और प्रधानमंत्री से सीधे संवाद का प्रेरणादायक अवसर प्रदान करता है। उक्त जानकारी सौरभ निषाद जिला युवा अधिकारी ने दी।

## राष्ट्रीय स्तरीय बेसबॉल व सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में कवर्धा के पांच खिलाड़ियो ने प्राप्त किया पदक



हरिभूमि कवर्धा। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 69वीं शालेय राष्ट्रीय स्तरीय बेसबॉल सीनियर बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में 30 जनवरी से 03 फरवरी तक आयोजित हुआ, वही सॉफ्टबॉल सीनियर बालक बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन नागपुर महाराष्ट्र में 30 जनवरी से 02 फरवरी तक आयोजित हुआ, जिसमे छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका दोनों वर्गो की टीम सम्मिलित हुई थी जिसके लिए छत्तीसगढ़ के बालक टीम में नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से बेसबॉल में कृष सिन्हा, हिमेश दास मानिकपुरी एवं बालिका वर्ग में वैदेही सिन्हा साथ ही सॉफ्टबॉल में श्रवण राजपूत एवं विनीता यादव का का चयन हुआ था इसके अलावा सॉफ्टबॉल कोच के रूप में मृत्युंजय शर्मा एवं दिनेश वर्गीस को नियुक्त किया गया था जो 27 एवं 28 जनवरी को बिलासपुर के रेल्वे स्टेशन से रवाना हुए थे। जिसमें दिल्ली में आयोजित बेसबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के बालक एवं बालिका दोनों वर्गों का सिल्वर मेडल लगा एवं नागपुर में आयोजित सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग का सिल्वर मेडल और बालिका वर्ग का कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं अकेडमी के पांच खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय बेसबॉल, सॉफ्टबॉल सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में पदक लगाने के उपलक्ष्य पर नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, एकेडमी अध्यक्ष गणेश तिवारी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला वनमण्डल निखिल अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक डॉ धर्मेंद्र सिंह, अकेडमी संस्थापक राजा पीयूष टाटीया, क्रीड़ा अधिकारी संदीप ग्वालिकर, अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन पवन देवांगन, व्यायाम शिक्षक दिनेश साहू,वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई व उनकी उज्जवल भविष्य की मनोकामना की।

## बाल संरक्षण विषय पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि कवर्धा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निमोरा नया रायपुर स्थित ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान में बाल संरक्षण विषय पर प्रशिक्षकों का 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दुर्ग सम्भाग के विभिन्न जिलों से चयनित प्रशिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कबीरधाम जिला से वर्षा मानिकपुरी, आरती ठाकुर, भुवनेश्वरी साहू, संतोष साहू, अनिल पाण्डेय, कैलाश मंडावी एवं विरेन्द्र चंद्रवंशी ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उनके शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास को सुनिश्चित करना तथा उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करने हेतु प्रशिक्षकों को सशक्त बनाना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न कानूनों एवं नीतियों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें किशोर न्याय अधिनियम 2015, पॉक्सो अधिनियम 2012, बाल श्रम निषेध अधिनियम, साइबर सुरक्षा तथा बाल विवाह निषेध कानून प्रमुख रहे। प्रशिक्षण सत्रों में विषय विशेषज्ञों द्वारा बच्चों के प्रति संवेदनशील व्यवहार, जोखिम की पहचान, समय पर हस्तक्षेप, परामर्श कौशल एवं संरक्षण सेवाओं से समन्वय जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही प्रतिभागियों को केस स्टडी, रोल प्ले, समूह चर्चा एवं व्यवहारिक अभ्यास के माध्यम से वास्तविक परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार किया गया। कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि समाज, विद्यालय एवं परिवार की संयुक्त भूमिका से ही बच्चों को सुरक्षित एवं सशक्त बनाया जा सकता है। प्रशिक्षकों को यह प्रेरित किया गया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में जाकर प्राप्त ज्ञान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएँ तथा बाल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप दें। समापन सत्र में मुख्य महिला बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य की नींव रखते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता, अनुशासन एवं सीखने की लगन की सराहना की। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। आयोजकों ने भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। अंत में सभी प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

## छात्रों ने छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों की संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम की प्रस्तुति दी

# पोंड़ी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव

- उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोंड़ी




चैतन्य हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल पोंड़ी में वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव प्रेरणा का आयोजन उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का थीम फ्रॉम रूट्स टू विंग्स रहा, जिसका संदेश संस्कारों से जुड़कर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने पर केंद्रित था। विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों कि संस्कृति से जुड़ी और ऑपरेशन सिंदूर जैसे देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम कि शानदार व मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया गया कि अब चैतन्य इंग्लिश मीडियम में कक्षा 10वीं तथा हिंदी माध्यम में कक्षा 12वीं का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। इस निर्णय से अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखनें को मिला। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। टीचर ऑफ द ईयर का सम्मान दीप्ति कुम्भकार को दिया गया, टीचर ऑफ द ईयर महेंद्र यादव को तथा इंग्लिश मीडियम में टीचर ऑफ द ईयर ललिता साहू को प्रदान किया गया। वहीं स्टूडेंट ऑफ द ईयर हिंदी माध्यम इरम फातिमा कक्षा 11वीं एवं स्टूडेंट ऑफ द ईयर इंग्लिश मीडियम दामिनी साहू कक्षा 7वीं को सम्मानित किया गया।

विद्यालय के निरंतर योगदान हेतु मोस्ट परफॉर्मिंग एसेट हिंदी माध्यम राहुल यादव तथा मोस्ट परफॉर्मिंग एसेट इंग्लिश मीडियम महेश्वरी सेन को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रंजीत सलुजा, प्रफुल जैन, कपड़ा व्यापारी संघ कवर्धा उपस्थित थें। अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन एवं सामाजिक दायित्व को अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर विद्यालय के सीईओ चैतन्य यादव, उप-प्राचार्य, प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण, कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन तथा भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मतदाता साक्षरता क्लब का किया जाएगा गठन

**कवर्धा।** प्रशासन द्वारा जल्द ही मतदाता साक्षरता क्लब का गठन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने मिली जानकारी के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से मतदाता साक्षरता क्लब का गठन किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी मतदान केन्द्रों, स्कूलों, कॉलेजों, उच्च शैक्षणिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों तथा शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों में मतदाता साक्षरता क्लब स्थापित किए जाएंगे। ताकि जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जाएगा।

# सीएपीएफ में चयन होकर देश की सेवा करना हर युवा के लिए गर्व की बात है-उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

- कवर्धा प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सीएपीएफ में चयनित 14 युवाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा में एसएससी जीडी परीक्षा के माध्यम से सीएपीएफ में चयनित 14 युवाओं को सम्मानित किया। इन युवाओं का चयन सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ और एसएसबी जैसी केंद्रीय सुरक्षा बलों में हुआ है। यह सम्मान समारोह कवर्धा के स्वामी करपात्री जी आउटडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया, जहां उप मुख्यमंत्री ने चयनित युवाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, पार्षद बिहारी धुर्वे, अजय ठाकुर, योगेश चंद्रवंशी, नरेन्द्र मानिकपुरी, मनीराम साहू, उमंग पाण्डेय, निर्मल द्विवेदी, निशांत झा, शानू साहू सहित जनप्रतिनिधि, चयनित युवा उपस्थित थे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्रीय सुरक्षा बलों में चयन होना गर्व की बात है। इससे देश की सेवा करने का सुनहरा अवसर मिलता है। उन्हें देश की सीमाओं की रक्षा से लेकर आंतरिक सुरक्षा तक का महत्वपूर्ण जिम्मा मिला है। उन्होंने कहा कि इन सुरक्षा बलों में देशभर के अलग-अलग स्थानों पर काम करने और अनुभव प्राप्त करने का मौका मिलता है। यदि कोई युवा अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर मेहनत करता है, तो सफलता जरूर मिलती है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि बीएसएफ के जवान देश की सीमाओं की सुरक्षा में दिन-रात तन-मन से जुटे रहते हैं। सीआरपीएफ के जवान आंतरिक सुरक्षा और नक्सल विरोधी अभियानों में अहम भूमिका निभाते हैं और बस्तर जैसे क्षेत्रों में सुरक्षा बनाए रखते हैं। आईटीबीपी के जवान चीन सीमा पर ऊंचाई वाले दुर्गम क्षेत्रों में तैनात रहते हैं और उनकी तकनीकी व्यवस्था बहुत मजबूत होती है। वहीं, सीआईएसएफ हवाई अड्डों, परमाणु संयंत्रों और औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा का जिम्मा संभालती है। उन्होंने कहा कि इन सभी सुरक्षा बलों के कारण पूरे देश को सुरक्षा का भरोसा मिलता है। ऐसे सुरक्षा बलों में चयन होना हर युवा के लिए गर्व की बात है। सभी बटालियनों की अपनी परंपरा, नीति और परेड की अलग पहचान होती है। आने वाले समय में चयनित युवा इन सुरक्षा बलों का हिस्सा बनकर देश सेवा में आगे बढ़ेंगे। उप मुख्यमंत्री ने चयन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कोच आरक्षक 17 वी बटालियन सुनील सरोज की सराहना करते हुए कहा कि वे छात्रों के सपनों को अपना लक्ष्य मानकर दिन-रात मेहनत करते हैं। उनके प्रयासों के कारण ही आज इतने युवाओं का चयन संभव हो पाया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे मेहनती और समर्पित लोगों का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में डेढ़ सौ से अधिक युवाओं का चयन हुआ है, जो केवल निरंतर मेहनत और सही मार्गदर्शन का परिणाम है। यह उपलब्धि कवर्धा और आसपास के क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

### सीएपीएफ में चयनित हुए 14 युवा



कोच आरक्षक 17वीं बटालियन के सुनील सरोज ने बताया कि सेनानी 17वीं बटालियन कमलेश्वर प्रसाद चंदेल के मार्गदर्शन में इंडियन आर्मी योद्धा ग्रुप का संचालन किया जा रहा है। इस ग्रुप के माध्यम से युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 3 वर्षों में 150 से अधिक युवाओं का चयन पुलिस, नगर सैनिक, फॉरेस्ट विभाग, आर्मी और अग्निवीर जैसी परीक्षाओं में हुआ है और वे आज देश की सेवा कर रहे हैं। यह प्रशिक्षण कबीरधाम जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के युवाओं, ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले को यहां निशुल्क सहायता और मार्गदर्शन दिया जाता है, ताकि वे अच्छी तैयारी कर सकें। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में 65 युवाओं ने अग्निवीर की शारीरिक परीक्षा (फिजिकल) दी है और सभी युवा सफल रहे हैं। आने वाले समय में इन युवाओं का भी अग्निवीर में चयन होने की पूरी संभावना है। उन्होंने बताया कि सीएपीएफ में 14 युवाओं का चयन हुआ है इनमें गौप्रताप साहू, सोनू खरे, संजय कुमार, चुम्मन कुमार, दिव्यांश भारती, निलेश चेलकर, चंद्रभान गोयल, अजय कुमार साहू, अभिषेक ध्रुव, देवराज ध्रुव, गजानंद मात्रे, दुर्गेश कुमार, बलराम धुर्वे, शुभांशु चंद्रवंशी शामिल है।

**कार्रवाई :** प्रबंध संचालक रायपुर ने शिकायत व जांच उपरांत की कार्यवाही

# 7 करोड़ के धान शॉर्टेज मामले में डीएमओ अभिषेक मिश्रा निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर सामने आए 7 करोड़ रुपये के धान शॉर्टेज मामले ने आखिरकार प्रशासनिक स्तर पर बड़ा मोड़ ले लिया है। विवादित बयान देकर सुर्खियों में आए जिला विपणन अधिकारी (डीएमओ) अभिषेक मिश्रा को राज्य स्तर से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

यह कार्रवाई प्रबंध संचालक, राज्य विपणन संघ रायपुर द्वारा मीडिया में भ्रामक एवं गैर-जिम्मेदाराना जानकारी देने के आरोप में की गई है। निलंबन आदेश बुधवार को जारी होते ही जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। गौरतलब है कि कवर्धा जिले में धान खरीदी के दौरान लगभग 7 करोड़ रुपये मूल्य के धान की कमी सामने आई थी। इस गंभीर अनियमितता को लेकर जब मीडिया ने डीएमओ अभिषेक मिश्रा से सवाल किए थे, तब उन्होंने 7 जनवरी 2026 को दिए गए अपने बयान में धान शॉर्टेज का कारण मौसम की मार, चूहों और दीमक द्वारा धान खा जाने को बताया था।

उनका यह बयान सामने आते ही प्रदेशभर में चर्चा का विषय बन गया और सोशल मीडिया पर जमकर आलोचना हुई। इस बयान को लेकर राजनीतिक हलकों में भी तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। कांग्रेस और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) ने इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही करार देते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

दोनों दलों ने कहा कि करोड़ों रुपये के धान की गड़बड़ी को चूहा-दीमक जैसे कारणों से जोड़ना जनता और किसानों की भावनाओं के साथ मजाक है। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य स्तर पर जांच और समीक्षा की गई।

प्रबंध संचालक रायपुर ने यह मानते हुए कि डीएमओ द्वारा दिया गया बयान भ्रामक, तथ्यहीन और प्रशासन की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है, अभिषेक मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया। उधर, राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी की मियाद दो दिनों के लिए बढ़ाए जाने के बीच हुई इस कार्रवाई को प्रशासनिक सख्ती के रूप में देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में धान शॉर्टेज मामले में अन्य अधिकारियों की भूमिका की भी गहन जांच हो सकती है। फिलहाल डीएमओ के निलंबन के बाद पूरे जिले में यह मामला चर्चा के केंद्र में बना हुआ है।



### धान घोटाले में अब तक दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में धान घोटाले मामले में अभी तक पुलिस प्रशासन द्वारा शिकायतों व जांच के आधार पर कुकदुर धान खरीदी केन्द्र में करीब 16 लाख के धान घोटाले के मामले में केन्द्र प्रभारी तथा इसी प्रकार पेंड्रीकला धान उपार्जन केंद्र में 73.49 लाख की गड़बड़ी में 2272 क्विंटल धान कम मिलने पर खरीदी प्रभारी विवेक चंद्राकर पर एफआईआर दर्ज की गई है। हलांकी आरोपी श्री चन्द्राकर अभी तक पुलिस गिरफ्त से बाहर बताए जा रहे हैं।

# जिले के 18 हेक्टेयर भूमि में 32,500 सागौन पौधों का किया गया रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वन विकास निगम के कवर्धा परियोजना मंडल अंतर्गत बोड़ला परिक्षेत्र ने आरक्षित वन क्षेत्र को अतिक्रमण से मुक्त कर उसे पुनः हरित क्षेत्र में बदलने की दिशा में एक उल्लेखनीय कार्य किया है।

आरक्षित वन कक्ष क्रमांक आरएफ/02 की लगभग 18 हेक्टेयर भूमि, जो लंबे समय से अवैध अतिक्रमण की चपेट में थी, अब सघन सागौन वृक्षारोपण के माध्यम से पुनर्जीवित हो रही है। यह भूमि न केवल शासकीय संपत्ति के दुरुपयोग का उदाहरण बन चुकी थी, बल्कि स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। आसपास के क्षेत्रों में भी अतिक्रमण का दबाव लगातार बढ़ रहा था।

ऐसे में विभाग के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराकर पुनः वन के रूप में विकसित करना था। उच्च अधिकारियों के निर्देशन तथा स्थानीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम भावना के परिणामस्वरूप पहले चरण में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सफलतापूर्वक की गई। साथ ही आसपास के लोगों को सख्त संदेश दिया गया कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाने के बाद सामने आई भूमि अत्यंत पथरीली एवं कठोर मिट्टी वाली थी, जो रोपण के लिए चुनौतीपूर्ण मानी जाती है। इसके बावजूद परिक्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मृदा संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए 13 हेक्टेयर नेट क्षेत्र को वृक्षारोपण के लिए तैयार किया। वर्ष 2025 में वन विकास निगम की नर्सरी में तैयार उच्च गुणवत्ता के 32,500 सागौन रूट-शूट पौधों का क्रो-बार तकनीक के माध्यम से सफल रोपण किया गया। वर्तमान में इन पौधों की अधिकतम ऊंचाई लगभग 3 फीट तथा औसत ऊंचाई लगभग 1.5 फीट है। पौधों की जीवितता प्रतिशत भी संतोषजनक पाई गई है।



आज यह क्षेत्र केवल कागजों पर आरक्षित वन नहीं है, बल्कि धरातल पर एक विकसित होते सागौन वन का रूप ले रहा है। वन प्रबंधक कवर्धा परियोजना मंडल ने बताया कि रोपित 32500 सागौन पौधों के माध्यम से भविष्य में कार्बन सिंक का निर्माण होगा। सघन वृक्षारोपण ने भूमि को पुनः अतिक्रमण से संरक्षित कर दिया है। वन विकास निगम के उद्देश्यों के अनुरूप यह सागौन वृक्षारोपण उच्च गुणवत्ता वाले इमारती काष्ठ का महत्वपूर्ण स्त्रोत बनेगा। उक्त क्षेत्र में रोपण से लेकर भविष्य में विरलन कार्य तक स्थानीय निवासियों को रोजगार के भी अवसर मिलेंगे। इस प्रकार के रोपण से आसपास के क्षेत्रों में भी वनों को लेकर जागरूकता बड़ी है। इससे अन्य अतिक्रमित क्षेत्रों को मुक्त कराकर उसमें रोपण किया जाना आसान होगा।

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर अतिरिक्त दो दिवस धान खरीदी की व्यवस्था

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण राहत प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत तीन श्रेणियों के किसानों को धान विक्रय हेतु अतिरिक्त दो दिवस 05 एवं 06 फरवरी 2026 तक खरीदी की अनुमति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार तीन प्रकार के किसान इस अतिरिक्त अवधि में धान विक्रय कर सकेंगे, ऐसे किसान, जिनके द्वारा 10 जनवरी 2026 के पश्चात टोकन के लिए आवेदन किया गया, किंतु सत्यापन नहीं हो पाया है। ऐसे किसान, जिनके द्वारा 10 जनवरी 2026 के पश्चात आवेदन किया गया तथा सत्यापन उपरांत उनके पास धान पाया गया है। ऐसे किसान, जिन्हें दिनांक 28 जनवरी 2026, 29 जनवरी 2026 एवं 30 जनवरी 2026 को टोकन प्राप्त हुआ था, परंतु किसी कारणवश वे निर्धारित तिथि पर धान विक्रय नहीं कर पाए थे। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए बारदाना एवं हमालों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। राज्य सरकार का यह निर्णय किसानों के प्रति संवेदनशीलता और उनकी उपज के सुरक्षित एवं सुचारु विक्रय के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 10 जनवरी 2026 पश्चात टोकन के लिए 663 आवेदन किया गया लेकिन सत्यापन नहीं हो पाया था। ऐसे किसान जिनके द्वारा 10 जनवरी 2026 पश्चात आवेदन किया गया है एवं सत्यापन उपरांत धान पाया गया, उनकी संख्या 1 हजार 947 है। जानकारी के अनुसार 28 जनवरी को 119, 29 जनवरी को 195 और 30 जनवरी को 190 सहित 504 किसानों ने टोकन प्राप्त किया था, लेकिन किसी कारणवश धान विक्रय नहीं कर पाए थे। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले से सहित प्रदेश में समिर्न मूल्य में धान खरीदी की मियाद 31 जनवरी को समाप्त हो चुकी है लेकिर अभी भी कई किसानो का धान नहीं बिक पाया है। जिसे लेकर किसानो सहित किसान संघों द्वारा समर्थन मूल्य में धान खरीदी की तिथि बढ़ाए जाने की मांग जा रही थी।

# शैक्षणिक भ्रमण: स्कूली छात्रों ने पनडुब्बी संग्रहालय में देखी नौसेना की कार्यप्रणाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

समग्र शिक्षा के राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिले के प्रारंभिक एवं सेकेंडरी स्तर के विद्यार्थियों को राज्य के बाहर शैक्षणिक भ्रमण पर आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित आईएनएस पनडुब्बी संग्रहालय ले जाया गया। यह भ्रमण कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार पोयम, जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा एवं जिला मिशन समन्वयक विनोद कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने पनडुब्बी संग्रहालय में प्रदर्शित विभिन्न वैज्ञानिक एवं तकनीकी जानकारियों को नजदीक से देखा और समझा। विद्यार्थियों को समुद्री जीवन, नौसेना की कार्यप्रणाली, पनडुब्बी की संरचना, अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी अवधारणाएं तथा समुद्र में होने वाले ज्वार-भाटा जैसी प्राकृतिक घटनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। इस अनुभव से विद्यार्थियों की जिज्ञासा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को नया विस्तार मिला। सहायक कार्यक्रम समन्वयक राकेश कुमार चंद्रवंशी ने शैक्षणिक भ्रमण के महत्व बताया कि इस प्रकार के भ्रमण से छात्र-छात्राओं को व्यवहारिक रूप से सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि कई बार पुस्तकों में पढ़ी गई बातें प्रत्यक्ष देखने और समझने से अधिक स्पष्ट हो जाती हैं। जिला मिशन समन्वयक विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में निरीक्षण क्षमता, कल्पनाशीलता और तार्किक सोच का विकास करते हैं, जो उनके समग्र शैक्षणिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। शैक्षणिक भ्रमण में जिले के विभिन्न विकासखंडों से चयनित 20 छात्र-छात्राओं को प्रभारी शिक्षकों के साथ भ्रमण कराया गया।



### 17 कबीर कुटियों के लिए जनसंपर्क मद से 25-25 हजार रुपए जारी

**कवर्धा।** उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा की अनुशंसा पर 17 कबीर कुटियों में 4 लाख 25 हजार रुपए की लागत से भजन, सत्संग, कीर्तन एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के लिए आवश्यक वाद्ययंत्रों की व्यवस्था की जाएगी। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में कबीरपंथ से जुड़ी धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन को सुदृढ़ बनाने के उद्धेश्य से उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा की अनुशंसा पर जनसंपर्क मद अंतर्गत क्षेत्र की 17 कबीर कुटियों को वाद्ययंत्र क्रय के लिए 25-25 हजार रुपये का स्वैच्छिक अनुदान स्वीकृत कर राशि जारी की गई है। जारी अनुदान राशि से कबीर कुटियों में भजन, सत्संग, कीर्तन एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के लिए आवश्यक वाद्ययंत्रों की व्यवस्था की जा सकेगी। लंबे समय से वाद्य सामग्री की आवश्यकता को देखते हुए यह सहायता कबीरपंथी समाज के लिए उपयोगी मानी जा रही है, जिससे नियमित कार्यक्रमों का संचालन व्यवस्थित रूप से हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि गोवर्धन साहू ने कबीर कुटी में भजन, सत्संग, कीर्तन एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के लिए आवश्यक वाद्ययंत्रों की व्यवस्था के लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को आग्रह कर आवेदन दिया था। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने श्री साहू के आग्रह पर 17 कबीर कुटियों को वाद्ययंत्र क्रय के लिए 25-25 हजार रुपये स्वीकृत कर राशि जारी की है। अनुदान प्राप्त करने वाली कबीर कुटियों में श्री सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन ग्राम जुनवानी, सदगुरु कबीर नवयुवक मंडल ग्राम धमकी, सदगुरु कबीर नवयुवक मंडल ग्राम सोनपुरी रानी, श्री सतगुरु कबीर सत्संग समिति ग्राम रबेली, सदगुरु कबीर कुटी पनिका समाज कवर्धा, सदगुरु कबीर कुटी सेवा समिति ग्राम मजगांव, सदगुरु कबीर धनी धर्मदास सेवा समिति ग्राम भोंदा नवापारा, ग्राम उसरवाही, बारहठी, कबीर कुटी सत्संग समिति ग्राम कांपा, चिटकी, जरहाटोला, महराटोला, बसिनझोरी, सोहागपुर सहित बोड़ला क्षेत्र की कबीर कुटियां शामिल हैं। राशि स्वीकृत होने से कबीर कुटी संचालकों में हर्ष और उत्साह देखा जा रहा है उन्होने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**पूर्व सेवा गणना कर पुरानी पेंशन, क्रमोन्नति, टेट अनिवार्यता समाप्ति सहित कई मुद्दे शामिल**

# जिले के चारों ब्लॉक में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि एसोसिएशन के प्रांतीय आव्हान पर जिले के चारो ब्लॉक मुख्यालय कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया एवं स.लोहारा में एसडीएम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ब्लॉक मुख्यालय कवर्धा में एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष केशलाल साहू, स. लोहारा में वकील बेग मिर्जा, बोड़ला में गोकुल जायसवाल एवं पंडरिया में बलदाऊ चन्द्राकर के नेतृत्व में ज्ञापन प्रदान किया गया। ज्ञापन में शामिल मांगों में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में रमेश चन्द्रवंशी एवं अन्य याचिकाओं में 23 जनवरी 2026 को पारित निर्णय के तहत पूर्व सेवा की गणना करते हुए संविलियन पूर्व सेवा को पेंशन योग्य सेवा मान्य करने का आदेश जारी करना, केंद्र सरकार के समान 33 वर्ष के बजाय 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा पर पूर्ण पुरानी पेंशन अर्थात 50 प्रतिशत का प्रावधान करना, दस वर्ष के बजाय पांच वर्ष की सेवा में न्यूनतम पुरानी पेंशन का प्रावधान करना, पदोन्नति से वंचित सहायक शिक्षक, शिक्षक को दस वर्ष की सेवा को एक बार शिथिल अर्थात वन टाइम रिलेक्सेशन कर पांच वर्ष में क्रमोन्नति देना, टेट की अनिवार्यता समाप्त करने हस्तक्षेप याचिका दायर करते हुए शिक्षा विभाग द्वारा विभागीय सीमित परीक्षा आयोजित कर शिक्षकों के हितों की रक्षा करना, डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए 6 माह का बीएड ब्रिज कोर्स प्रारम्भ करना तथा मोबाइल वीएसके एप के स्थान पर बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति लेना शामिल है। ज्ञापन के समय प्रमुख रूप से हेमलता शर्मा, राजू लाल वर्मा, अनिल पाण्डे, संतोष साहू, मिठ्ठू साहू, घुराऊ नेताम, वकील बेग मिर्जा, ठाकुर राम निर्मलकर, अतर कुरैशी,पृथ्वीराज देवदास, सूर्यभान मरकाम, राधेश वर्मा, हृदय देहारी, राजेश अग्रवाल, शिवलाल मार्कण्डेय, एस कुमार मिर्चे, गुरुदत्त दुबे, चिंताराम पटेल, रामसिंह साहू, भागवत कौशिक, भूपेंद्र साहू, अरविन्द कुंजाम, रामसिंह धुर्वे, राजेंद्र तलवरे,जटाशंकर दुबे, उमा ठकुर, हुकमी चंद धुर्वे सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।




# बिढ़ोरा में रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिल्हाटी

वितरण केन्द्र बिढ़ोरा क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक भवन में विशेष रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन गत दिनो किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड विद्युत संभाग कवर्धा द्वारा पीछले 25 वर्षों में हुई प्रमुख उपलब्धियों उपभोक्ता, सेवा में हुए सुधार तथा विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से उपभोक्ताओं को विभागीय योजनाओं की संपूर्ण जानकारी एक ही मंच से प्राप्त हुई। जिसमें वितरण केन्द्र के विभिन्न गांव के अनेक लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी की उपस्थित में नियमित रुप से भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर प्राधानमंत्री सुर्य घर मुफ्त बिजली योजना का विशेष स्टॉल लगाया गया। जहां वेंडर के माध्यम से मौके पर पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। विद्युत विभाग क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस कार्यकम में जनप्रतिनिधि योगेश कुमार साहू, जनपद सदस्य. श्रीमती किरण चौबे, श्रीमती पुष्पा ठाकुर, जलेश्वर मण्डवी, पूनक झरिया, रामगुलाल पटेल, नंदकुमार साहू, पेखन साहू संतोष साहू सरपंच, सहायक अभियंता उपसंभाग स. लोहारा रविन्द्र सिंह, कनिष्ठ अभियंता बिढ़ोरा गजेन्द्र धुर्वे, रोसन कोसे, संतोष साहू वेशराम सिन्हा, तेजप्रकाश साहू लाइन कर्मचारी, अरविन्द लकेश्वर, भूपेंद्र कोर्रम, भूपेंद्र साहू, जीतू धुर्वे, राजकुमार सूर्यवंशी एवं अन्य कर्मचारीगण एवं कृषकगण कार्यक्रम में सम्मिलित थे।

